

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -94 जबलपुर, शुक्रवार 09 मई 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


**भारतीय सेना ने जैसलमेर में पाकिस्तान का एफ-16 मार गिराया, जालंधर में ड्रोन गिराया, पंजाब, राजस्थान में ब्लैक आउट**

# भारत की मिसाइलें पाकिस्तान पर कहर बनकर टूट रही

## भारत ने पाकिस्तान पर शुरू की जवाबी कार्रवाई

नई दिल्ली-(आरएनएस)। सरकारी सूत्रों ने बताया कि इस्लामाबाद द्वारा जम्मू और पंजाब में कई स्थानों पर हमले किए जाने के बाद भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के एफ-16 और दो जेएफ-17 विमानों को मार गिराया। भारत और पाकिस्तान के बीच मिसाइल अटैक तेजी के साथ शुरू हो चुके हैं। पाकिस्तान ने भारतीय बॉर्डर से जुड़े क्षेत्रों में भारी मिसाइल हमले किए जिसे भारत के एयर डिफेंस सिस्टम ने आसमान में ही ध्वस्थ कर दिया हैं। सरकारी सूत्रों ने बताया कि इस्लामाबाद द्वारा जम्मू और पंजाब में कई स्थानों पर हमले किए जाने के बाद भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के एफ-16 और दो जेएफ-17 विमानों को मार गिराया। सूत्रों ने बताया कि भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के अंदर स्थित एयरबोर्न वार्निंग एंड कंट्रोल सिस्टम को भी मार गिराया, जो उनकी सीमा में गिरा।

**उधमपुर और राजस्थान के जैसलमेर में ड्रोन हमलें**

इस बीच, जम्मू-कश्मीर के उधमपुर और राजस्थान के जैसलमेर में ड्रोन हमलों को भी नाकाम कर दिया गया और अखनूर में एक ड्रोन को मार गिराया गया। पुंछ में दो कामिकेज़ ड्रोन को भी मार गिराया गया।

**अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से जम्मू पर रॉकेट दागे गए**

एक बड़ी झड़प में, पाकिस्तान ने जम्मू में हवाई अड्डे सहित कई स्थानों पर एक साथ हमला किया। गुरुवार रात को अंतरराष्ट्रीय सीमा पार से जम्मू पर रॉकेट दागे गए। एक ड्रोन ने जम्मू सिविल एयरपोर्ट को निशाना बनाया, जिसके जवाब में लड़ाकू विमानों को भागना पड़ा। भारत ने अपनी वायु रक्षा प्रणाली को सक्रिय किया, जिसने आने वाले रॉकेटों को सफलतापूर्वक रोक दिया। पाकिस्तानी सैनिकों ने गुरुवार देर शाम जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामुल्ला, पुंछ, सांबा और उरी जिलों में नियंत्रण रेखा पर बिना उकसावे के गोलाबारी की। जम्मू हवाई अड्डे, सांबा, आरएस पुरा, अरनिया और आस-पास के इलाकों में एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा आठ पाकिस्तानी मिसाइलों को रोका गया। जम्मू विश्वविद्यालय के पास दो पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराया गया। इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ ने एक बयान में कहा, जम्मू और कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के निकट जम्मू, पठानकोट और उधमपुर के सैन्य स्टेशनों को पाकिस्तान ने मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग करके निशाना बनाया।

कोई नुकसान नहीं हुआ। ष्भारतीय सशस्त्र बलों ने गतिज और गैर-गतिज साधनों के साथ एसओपी के अनुसार खतरे को बेअसर कर दिया। पाकिस्तान द्वारा यह हमला भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के 48 घंटे से भी कम समय बाद हुआ।

**जम्मू सिविल एयरपोर्ट पर एक ड्रोन ने हमला किया**

जम्मू सिविल एयरपोर्ट पर एक ड्रोन ने हमला किया, जबकि भारत की वायु रक्षा प्रणाली ने कम से कम आठ मिसाइलों को रोक दिया। जम्मू विश्वविद्यालय के पास दो अन्य ड्रोन को मार गिराया गया।




## भारत ने पाकिस्तानी पायलट को जिंदा पकड़ा, फाइटर जेट के साथ सीमा में था घुसा

नई दिल्ली-(आरएनएस)।भारत ने एक पाकिस्तानी पायलट को पकड़ा है। जम्मू-कश्मीर के अखनूर इलाके में लड़ाकू विमान को मार गिराए जाने के बाद पाकिस्तानी पायलट को हिरासत में लिया गया। वह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि हो सकती है, क्योंकि अब नई दिल्ली को उसे पाकिस्तानी हमले के सबूत के तौर पर दिखाना होगा। दूसरी बात, पूछताछ के बाद उक्त पाकिस्तानी पायलट पाकिस्तानी वायुसेना और पाकिस्तानी सेना की योजना और रणनीति के बारे में विस्तार से बता सकेगा। यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुई है, जिसमें पाकिस्तान की ओर से कई ड्रोन और मिसाइल हमले और भारत द्वारा सीमा पार आतंकवादी ढाँचे को निशाना बनाकर जवाबी हवाई हमले शामिल हैं। घटना के बारे में विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है, और इस समय भारतीय सशस्त्र बलों या रक्षा मंत्रालय की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## बौखलाए पाकिस्तान ने भारत पर हमास शैली की मिसाइलें बरसाई, भारत से सभी को हवा में ही मार गिराया, लाहौर सहित कई मुख्य केंद्र में तबाही मची



नई दिल्ली-(आरएनएस)। जम्मू के कई इलाकों के साथ-साथ राजस्थान और पंजाब के कुछ हिस्सों में गुरुवार को ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए, जो भारत द्वारा पाकिस्तानी आतंकी शिविरों पर हमले किए जाने के ठीक एक दिन बाद एक महत्वपूर्ण वृद्धि को दर्शाता है। भारत ने हमलों का सफलतापूर्वक बचाव करते हुए एक पाकिस्तानी स्न्न-16 लड़ाकू विमान और संभवत: एक छ्वस्न्न-17 को मार गिराया, साथ ही अन्य प्रोजेक्टाइल को भी रोका, जबकि एक ड्रोन ने जम्मू सिविल एयरपोर्ट पर हमला किया। इसके अतिरिक्त, ड्रोन को रोका गया, और पठानकोट और जैसलमेर में विस्फोटों की सूचना मिली।

रक्षा सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान जम्मू में कई इलाकों को निशाना बनाने के लिए हमास शैली की मिसाइलों का इस्तेमाल कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि जम्मू के ऊपर के दृश्य बिल्कुल हमास शैली के इजरायल पर हमले की याद दिलाते हैं, जैसे कई सस्ते रॉकेट। पाकिस्तानी सेना एक आतंकी संगठन हमास की तरह काम कर रही है और व्यवहार कर रही है। पिछले महीने ड्डस्द्ध और हमास ने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में मुलाकात की थी। रक्षा सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान ने जम्मू के सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया सेक्टरों पर आठ मिसाइलें दागीं, और सभी को वायु रक्षा इकाइयों ने रोक दिया और रोक दिया। उधमपुर में भी भारतीय वायु रक्षा ने पाकिस्तानी ड्रोन को रोका, जिसके बाद विस्फोटों की आवाज़ सुनी गई। राजस्थान के जैसलमेर में भारतीय वायु रक्षा ने पाकिस्तानी ड्रोन को रोका। विस्फोटों की आवाज़ सुनी गई और आसमान में चमक दिखाई दी। राजस्थान के बीकानेर और पंजाब के जालंधर में पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। किश्तवाड़, अखनूर, सांबा, जम्मू और अमृतसर, जालंधर में भी ब्लैकआउट लागू किया गया है।

रक्षा सूत्रों ने कहा, जम्मू के ऊपर के दृश्य बिल्कुल इजरायल पर हमास स्टाइल के हमले की याद दिलाते हैं। जैसे कई सस्ते रॉकेट। उन्होंने कहा कि, पाकिस्तानी सेना एक आतंकवादी संगठन हमास की तरह काम कर रही है और व्यवहार कर रही है। यह तुलना ऐसे समय में की गई है जब आतंकवादी नेटवर्क और पाकिस्तान के सरकारी अभिनेताओं के बीच क्षेत्रीय सहयोग जांच के दायरे में है। पृष्ठभूमि खुफिया रिपोर्टों ने पहले खुलासा किया था कि पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस ने पिछले महीने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में हमास के साथ बैठक की थी। बैठक का उद्देश्य अभी भी स्पष्ट नहीं है, लेकिन माना जाता है कि यह परिचालन समन्वय से जुड़ा हुआ है।

**अमेरिका का बहुत बड़ा बयान**

## अमेरिका ने पाकिस्तान को तुरंत युद्ध से पीछे हटने को कहा



नई दिल्ली-(आरएनएस)। भारत से बदले का सपना देखना वाला पाकिस्तान इस समय बैठकर आंसू बहा रहा है। बैठे बिठाए पाकिस्तान के लिए बड़ी मुसीबत हो गई है। खबर अब अमेरिका को लेकर आई है। अब अमेरिका ने अपने नागरिकों को लेकर बड़ा अलर्ट जारी कर दिया है। अमेरिका ने अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि अपने नागरिकों को कहा है कि आप लाहौर को छोड़कर जल्द से जल्द वापस लौट आएं। अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी करते हुए अमेरिका ने कहा है कि वो वापस आ जाएं या फिर कहीं शरण ले लें। पाकिस्तन और भारत के बीच लगातार जिस तरह से तनावपूर्ण स्थिति हो रही है। उसे देखते हुए अमेरिक ने अपने नागरिकों के लिए ये एडवाइजरी जारी की है।

## पाकिस्तान को भारत से बचाओ, संसद में आर्मी चीफ का जिक्र कर रोने लगे सांसद



नई दिल्ली-(आरएनएस)। पुरानी कहवात है कि नमक स्वाद अनुसार और हिमाकत औकात अनुसार ही अच्छी लगती है। पाकिस्तान ने वही हिमाकत 22 अप्रैल को बेगुनाह नागरिकों की हत्या करवा की और पहलगाम के रूप में भारत को न भूलने वाला जख्म दिया। भारत की तरफ से उसे दंडित भी किया गया। पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंक के ठिकानों को दोजख नसीब करवाई गई। लेकिन फिर भी पाकिस्तान की हेकड़ी कम नहीं हुई। सीमा पार से वो अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। लेकिन इन सब के बीच पाकिस्तान के नेताओं में खौफ का आलम भी नजर आ रहा है। भारत के प्रतिकार वाले एक्शन का खौफ। पाकिस्तानी सांसद का एक बड़ा बयान सामने आ गया है। जहां एक तरफ पाकिस्तान धमकों से दहल रहा है तो वहां के राजनेता भी घबराए नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान की संसद में वहां से सांसद पाकिस्तानी फौज के जनरल से गुहार लगाते नजर आ रहे हैं। पाकिस्तान की फौज में खुद मेजर के पद पर रहने वाले सांसद ने सदन में खड़े होकर कहा कि वे टूट चुके हैं। इसके साथ ही उन्होंने जनरल आसिम मुनीर से पाकिस्तान को भारत से बचाने की अपील भी की है। भारतीय सशस्त्र बलों ने ड्रोन और मिसाइलों का उपयोग करके उत्तरी और पश्चिमी भारत में कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिशों को विफल कर दिया और जवाबी कार्रवाई में लाहौर में एक पाकिस्तानी वायु रक्षा प्रणाली को नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी सेना ने अवंतीपुरा, श्रीनगर, जम्मू, पठानकोट, अमृतसर, कपूरथला, जालंधर, लुधियाना, आदमपुर, बठिंडा, चंडीगढ़, नल, फलोदी, उत्तरलाई और भुज को निशाना बनाने का प्रयास किया।

# उत्तराखंड में हेलिकॉप्टर क्रैश, 6 की मौत

**पायलट और 5 महिला यात्रियों ने मौके पर दम तोड़ा; गंगोत्री धाम जा रहे थे**



देहरादून.(आरएनएस)। चारधाम यात्रा के बीच गुरुवार को उत्तरकाशी जिले में हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया. जानकारी के मुताबिक इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई है और 2 यात्री घायल बताए जा रहे हैं. बताया जा रहा है कि सात सीटर हेलिकॉप्टर गंगोत्री के पास हुआ है. पुलिस और प्रशासन के साथ ही आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंच गई है. टीम रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है.

मौके पर पुलिस, आर्मी फोर्स, आपदा प्रबंधन क्यूआरटी, टीम 108 एंबुलेंस वाहन पहुंच चुके हैं. तहसीलदार भटवाड़ी, बीडीओ भटवाड़ी और राजस्व टीम भी घटनास्थल के लिए रवाना की गई है. गंगानी से आगे नाग मंदिर के नीचे भागीरथी नदी के पास हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है.

हेलिकॉप्टर प्राइवेट कंपनी एरो ट्रिंक का था जिसमें सात लोग सवार थे. हादसे में दो यात्री घायल हो गए हैं. गौरतलब है कि उत्तराखंड में पिछले कुछ दिनों से मौसम खराब चल रहा है. मौसम विभाग ने कई जिलों में आंधी-पानी का अलर्ट जारी किया है. चारधाम यात्रा मार्गों पर कई जगह बौछार पड़ रही है. कहीं-कहीं गर्जन के साथ ओले भी गिरे हैं.

## जम्मू और पंजाब और राजस्थान के चुनिंदा इलाकों में पूरी तरह से ब्लैकआउट



नई दिल्ली-(आरएनएस)। जम्मू और पंजाब और राजस्थान के चुनिंदा इलाकों में पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया, कई शहरों में सायरन बज रहे हैं। इन स्थानों पर रात के समय आसमान में लाल चमक और प्रोजेक्टाइल की रोशनी दिखाई दी। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भी पूरी तरह से ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है। राज्यों में ड्रोन घुसपैठ और ब्लैकआउट उकसावे के बढ़ते क्षेत्र में, जम्मू और कश्मीर के उधमपुर और राजस्थान के जैसलमेर में पाकिस्तानी ड्रोन को रोका गया।






जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना विजय नगर में रात्रि कु. प्रतिभा अहिरवार उम्र 22 वर्ष निवासी 90 क्वाटर विजय नगर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह एसबीआई चौक के पास से अपने मोबाईल में बात करते हुये घर वापस जा रही थी रात 8-30 बजे नचिकेता स्कूल के पीछे सर्वेन्ट क्वाटर के बाजू मे पहुची तभी पीछे से एक लडका मोटर सायकिल मे आया एवं झपट्टा मारकर पोको कम्पनी का मोबाईल छीनकर ले गया। रिपोर्ट पर धारा 304 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

**पूर्णाहुति, हवन और प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ मोक्ष परायण श्रीमद्भागवत महायज्ञ**

# हनुमानताल बनाने वाले भोंसले राजवंश के वंशज ने महायज्ञ में सम्मिलित होकर आहुति दी -डॉ अभिलाष पाण्डेय





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। उत्तर मध्य विधानसभा अंतर्गत हनुमानताल तालाब में चले रहे जीर्णोद्धार एवं उन्नयन कार्य के साथ साथ विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय की पहल पर विगत छः दिनों से मोक्ष परायण श्रीमद्भागवत महायज्ञ के मूल 18000 श्लोकों का भागवत पाठ करवाया जा रहा है जिसका समापन गुरुवार को हवन, पूर्णाहुति,भंडारा एवं प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुई।पूर्णाहुति में प्रमुख रूप से नागपुर महाराष्ट्र से आए भोंसले राजवंश के वंशज श्री मंत मुदोजी भोंसले सम्मिलित हुए और हनुमानताल के निर्माण से लेकर आज तक जितने भी लोगों की अकाल मृत्यु हुई है उन सभी की आत्मा की शांति एवं मोक्ष प्रदान करने हेतु आहुति दी।इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने भी महायज्ञ शामिल होकर आहुति दी। उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पाण्डेय ने इस दौरान कहा कि हनुमानताल का उन्नयन और जीर्णोद्धार कार्य जोर शोर से चल रहा है तथा हम सभी इसको एक आदर्श के रूप में पुन: विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं जिसके लिए इसको पूर्ण रूप से खाली किया गया है तथा इसके साथ ही हनुमानताल के अस्तित्व सन् 1793 से आज तक अनेक लोगों की अकाल मृत्यु हनुमानताल में हुई है जिसकी आत्मा की शांति एवं मोक्ष प्रदान करने हेतु हमारे द्वारा पवित्र वैशाख मास में वृन्दावन से आए आचार्य कथावाचक पूज्य राजेश शास्त्री जी एवं संत जनों के द्वारा श्रीमद्भागवत मोक्षपरायण महायज्ञ के मूल पाठ के सभी 18000 श्लोकों का पाठ किया जा रहा है। डॉ अभिलाष पाण्डेय ने बताया कि आज के हवन एवं पूर्णाहुति में सम्मिलित होने प्रमुख रूप से भी नागपुर महाराष्ट्र से श्री मंत मुदोजी भोंसले आए और श्रीमद्भागवत मोक्षपरायण महायज्ञ में सम्मिलित होकर कथा को सुना और पूर्णाहुति में हवन किया। हम सभी ने उनके माध्यम से उनके पूर्वजों को प्रणाम और धन्यवाद दिया कि उनके पूर्वजों द्वारा हनुमानताल का निर्माण करवाकर शहर को ऐतिहासिक धरोहर प्रदान की है,जिसका संरक्षण करना अब हम सभी का दायित्व है। इस दौरान कमलेश अग्रवाल,शिवम तिवारी,राहुल रजक,सपन यादव,मधुबाला राजपूत, रमेश रैकवार,राजकुमार गुप्ता,दिलीप दुबे,संजय यादव,सुशील शुक्ला, श्री राम शुक्ला,सुधा तिवारी, आयुष चौबे,नीतू दुबे ,ज्योति जैन,सनी सोनकर,अनुज जैन मासाब, अंकित पाठक, टिकेंद्र यादव, रविकांत पाठक,दिव्या जैन,मुकेश रूसिया, दिलीप पटेल,योगेश शर्मा,श्वेता गोटियां, मोना साहू, कृष्णा यादव,लकी तिवारी, बीना जड़िया, कारण चंदेल आदि पदाधिकारी , कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजन सम्मिलित हुए।

## लोक अदालत में अच्छी वसूली हो इसके लिए ई-नगर पालिका के संचालन के लिए कैशियरों को लगातार दिया जा रहा है प्रशिक्षण - निगमायुक्त प्रीति यादव



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अच्छी वसूली हो और निगम की आर्थिक स्थिति सुदृढ हो तथा करदाताओं को बकाया करों की राशि जमा करने में सुविधा हो की दृष्टि से आज दिनांक 08 मई 2025 को नगर निगम के सभी कैशियरों को पुनः प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा दिलाया गया। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने सभी को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि ई-नगर पालिका साफ्टवेयर के संचालन हेतु आज सभी संभाग के कैशियरों को पुनः प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 10 मई 2025 को लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत के समय अच्छी वसूली हो इसके लिए निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव द्वारा सभी राजस्व अमले को निर्दर्शित किया गया है। उन्होंने बताया कि निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अधिक राजस्व वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करने और अधिभार में छूट लेने हेतु सभी करदाताओं को एस.एम.एस. एवं दूरभाष के माध्यम से सूचित भी किया जा रहा है, जिससे अधिक राजस्व निगम कोष में जमा हो सके।

## बॉलीवुड अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनौत को कोर्ट से मिली बड़ी राहत



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** बॉलीवुड अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनौत को जबलपुर की कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने उनके खिलाफ साल 2021 में दायर परिवाद को खारिज कर दिया है। यह परिवाद अधिवक्ता अमित कुमार साहू ने दायर किया था, जिसमें कंगना के एक बयान को देश के शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान बताते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी। परिवाद में कहा गया था कि कंगना रनौत ने अपने बयान में देश को भीख में मिली आज़ादी बताया था, जो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और वीर सपूतों का अपमान है। इसे देश की शांति भंग करने वाला बयान भी बताया गया था। हालांकि, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार की अदालत ने इस परिवाद को खारिज करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को यह अधिकार है कि वह अपने आप को कब आज़ाद माने। अगर कोई व्यक्ति 1947 के बाद भी स्वयं को गुलाम महसूस करता है, तो यह उसका व्यक्तिगत विचार है। जब तक ऐसे विचार किसी अन्य व्यक्ति के अधिकारों का उल्लंघन नहीं करते, तब तक यह मानहानि या अपराध की श्रेणी में नहीं आता।

**निगमायुक्त प्रीति यादव की मेहनत रंग लाई**

**भूमि संबंधी दस्तावेजों की मॉंग लगातार जारी ㆔ निर्माण वर्ष, उपयोग, परिक्षेत्र के अनुसार गणना की जायेगी - निगमायुक्त**

## रेलवे की रहवासी एवं व्यवसायिक सम्पत्तियों का संभागों के माध्यम से डिमांड जारी

**रेलवे व्यवसायिक संपत्तियो का पहली बार करेगा भुगतान सेवा प्रभार**

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव की मेहनत धीरे धीरे रंग ला रही है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि रेलवे प्रशासन से लगातार पत्राचार कर भूमि, भवन संबंधी जानकारी मॉंगी जा रही थी, नगर निगम द्वारा प्रतिवर्ष रेलवे की रहवासी एवं व्यवसायिक संपत्तियो का संभागो के माध्यम से डिमांड जारी करके संपत्तिकर के 33.33 प्रतिशत सेवा प्रभार की डिमांड वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए जारी की गयी है एवं सभी निरीक्षण में रेलवे सेक्शन इंजीनियर से भूमि संबंधी दस्तवेजो की मांग की जा रही है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि रेलवे की भूमि, भवन का निर्माण वर्ष, उपयोग एवं परिक्षेत्र के अनुसार गणना की जायेगी। अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह ने बताया कि संभाग 1, 2, 3, 4, 11, एवं 13 के संभागीय अधिकारियों और राजस्व निरीक्षकों के द्वारा लगातार सर्वे भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेलवे प्रशासन के द्वारा अपनी व्यवसायिक और रहवासी सम्पत्तियों का सेवा प्रभारी पहली बार निगम कोष में जमा किया जायेगा।

**अवैध रेत उत्खनन कर चोरी की रेत टैक्टर मे लोड कर ले जाते टैक्टर चालक गिरफ्तार**

जबलपुर -थाना ग्वारीघाट में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि ललपुर घाट नर्मदा नदी के तट से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर टैक्टर ट्राली मे चोरी की रेत भरकर ललपुर की ओर से माण्डवा की ओर जाने की फिराक मे है।

सूचना पर ललपुर घाट में दबिश दी जहॉ एक टैक्टर ट्राली जिसमें रेत भरी थी घाट की ओर से आती दिखी, पुलिस को देखकर टैक्टर चालक तेज गति से चलाते हुये भागने लगा, टैक्टर ट्राली का पीछा करते हुये माण्डवा रोड नाले पास टैक्टर चालक को घेराबंदी कर पकडा , टैक्टर चालक ने पूछताछ पर अपना नाम राजू उर्फ प्रभु ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती ललपुर बताया, बिना नम्बर का टैक्टर स्वराज कम्पनी की ट्राली भरी रेत के सम्बंध में पूछताछ करने पर रायल्टी नहीं होना बताते हुये टैक्टर का रजिस्ट्रेशन नम्बर एमपी 20 एबी 1479 बताया।

# अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय शारदा नगर जबलपुर में कार्यरत स्टाफ को हटाने एवं अकादमिक प्राचार्य पर कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।-शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय शारदा नगर रांझी जबलपुर में परीक्षा परिणाम को लेकर आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ ने संभागायुक्त एवं उपायुक्त आदिम जाति कल्याण को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की। आवासीय विद्यालय में कठिन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रवेशित छात्रों को 40त्न से 50त्न तक अंक मिल रहे है जिससे इन्हें आवासीय विद्यालय छोड़ना पड़ रहा हैं। जिन शिक्षकों के विषय में 50त्न से कम प्राप्तांक वाले विद्यार्थी हैं उन सभी शिक्षकों के विरुद्ध विभागीय जांच करते हुए इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होना जरूरी है । इस अवसर पर देवेश कुमार चौधरी एड तेजकुमार भगत,एड तरुण रोहितास, कमलेश धपोड़कर,प्रकाश चंदेल,शुभम चौधरी, सोनेलाल उरेती, डॉ सत्येंद्र ब्यौहार,भीकम लाल झारिया, एस के प्रधान, मथुरा झारिया, शोभाराम चढार,रामेश्वर मेहरा,नरेंद्र जायसवाल,मोहन महोबिया,जीवन लाल जाटव दीपक चौधरी, महेश अहिरवार, दिनेश चौधरी, डेनियल इब्राहिम आदि उपस्थित थे।

**केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के शिविर में 100 से अधिक नवोदित फुटबालर की सहभागिता**

# नगर के सबसे विशाल ग्रीष्मकालीन फुटबाल शिविर में तैयार हो रहे हैं भविष्य के खिलाड़ी



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड की केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के तत्वावधान में रामपुर स्थित पाण्डुताल मैदान में आयोजित ग्रीष्मकालीन फुटबाल प्रशिक्षण शिविर में छह से सोलह वर्ष के 100 से अधिक लड़के व पांच लड़कियां सुबह और शाम सघन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। खिलाड़ियों को केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के फुटबाल प्रभारी कुलदीप बहादुर, पवन पटेल, मनोज कुमरे, राजेश सिंह, क्रिस्टोफर नरोन्हा, हरीश नायक व पूर्व खिलाड़ी एएम बहादुर प्रशिक्षण दे रहे हैं। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारियों ने फुटबाल शिविर का निरीक्षण कर प्रशिक्षणार्थियों का उत्साह बढ़ाया।

शिविर में प्रशिक्षक नवोदित खिलाड़ियों को फुटबाल की बारीकियों के साथ फिजीकल फिटनेस के संबंध में सैद्धांतिक व व्यावहारिक तथ्यों की महत्वपूर्ण जानकारी दे रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर में समय-समय पर नगर में उपलब्ध फुटबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी व प्रशिक्षक भी नवोदित खिलाड़ियों को मैदान में गुर सिखा रहे हैं। नवोदित खिलाड़ी भी शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त कर रोमांचित हैं। उन्हें यहां नियमित प्रशिक्षण के साथ अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल रहा है। नवोदित फुटबाल खिलाड़ियों का कहना है कि प्रतिस्पर्धा के लिए इस प्रकार के मैच उनका आत्मविश्वास बढ़ा रहे हैं।

शिविर के प्रशिक्षक नवोदित खिलाड़ियों को लांग पास, शार्ट पास, पुश पास, लांग किक, शार्ट किक, ड्रिब्लिग, हेडिग, बॉल कंट्रोलिंग, जगलिंग सहित मैदान की तकनीकियों से अवगत करा रहे हैं। शिविर के प्रशिक्षकों को आशा है कि शिविर से निश्चित रूप से कई उदीयमान फुटबाल खिलाड़ी उभरेंगे, जो प्रादेशिक व राष्ट्रीय स्तर पर केन्द्रीय एवं कला परिषद के साथ विद्युत परिवार का नाम रोशन करेंगे।

## सशक्त हस्ताक्षर का तृतीय वार्षिकोत्सव 11 को

**काव्योत्सव, विमोचन एवं अलंकरण**

जबलपुर। साहित्य, समाज एवं संस्कृति के पथ पर गतिशील संस्था सशक्त हस्ताक्षर का तृतीय वार्षिकोत्सव 11 मई 2025 को दोपहर 2 बजे से कला वीथिका में आयोजित है। सशक्त हस्ताक्षर के संस्थापक गणेश प्यासा ने बताया कि समारोह में विविध प्रान्तों के साहित्यकार शामिल होंगे। इस अवसर पर कवि सम्मेलन, स्मारिका विमोचन एवं विविध क्षेत्रों के मनीषियों का सम्मान किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि श्री जगत बहादुर अन्नू महापौर होंगे। अध्यक्षता रिकुंज विज रिंकू करेंगे। सारस्वत अतिथि राजेश पाठक प्रवीण एवं विशिष्ठ अतिथि रत्ना ओझा, आनंदज्योति पाठक, प्रदीप कुमार जानी, उमेश साहू होंगे। मंगलभाव आचार्य विजय तिवारी किसलय एवं अरुण शुक्ल व्यक्त करेंगे। समारोह संयोजक संगम त्रिपाठी ने साहित्य प्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

**मॉक ड्रिल के फीडबैक के संबंध में आयोजित बैठक में दिये निर्देश**

# सिविल डिफेंस सिस्टकम को अपडेट करें - कलेक्टर सक्सेना



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कल आयोजित मॉक ड्रिल के फीडबैक के संबंध में आज सभी संबंधित अधिकारियों की बैठक की। बैठक में मॉक ड्रिल के दौरान पाई गई कमियों को सुधार करने के निर्देश दिये तथा प्रदेश के अन्यक चार जगह आयोजित मॉक ड्रिल में किये गये नवाचार के संबंध में चर्चा की गई। उन्होंदने कहा कि आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा के लिए बेहतर तरीका क्याव हो सकते हैं इस पर विचार कर नवाचार करें। उन्हों ने कहा कि इस संबंध में सिविल डिफेंस सिस्टवम को अपडेट कर पूरी कार्ययोजना तैयार रखें। आपदा की स्थिति में सायरन सही समय पर बजाने, बचाव व राहत संसाधनों का समय पर सुनिश्चित करने आदि अनेक बिंदुओं पर चर्चा कर इसमें सुधार के निर्देश दिये। साथ ही कहा गया कि ब्लैअक आउट के दौरान भी कुछ लोग सड़कों पर लाइट जलाते मिले, वहीं कुछ दुकानों व संस्थौनों में भी प्रकाश बाहर से दिखाई दिया। कलेक्ट र श्री सक्सोना ने लोगों से अपील किया कि लोग स्व विवेक से नागरिकों की सुरक्षा की दृष्टि से ब्लैाक आउट के समय अपने-अपने घरों के लाईट को बंद कर देना चाहिए और ऐसी छदम स्थिति निर्मित कर देना चाहिए जिससे लगे कि यह अवासीय क्षेत्र नहीं है। ब्लै क आउट के संबंध में उन्हों्ने लोगों से जागरूक रहने की अपेक्षा व्ययक्ते की। वार्डन व वालिंटियर के पंजीयन के लिए फार्म रहेंगे उपलब्ध बैठक के दौरान होमगार्ड कमांडेंट ने बताया गया कि सिविल डिफेंस के लिए शहर के हर थानों में वार्डन व वालिंटियर के लिए फार्म उपलब्धग रहेंगे। जिसमें युवा शक्ति आपात स्थिति में नागरिकों की सुरक्षा तथा बचाव कार्य में अपनी सहभागिता कर योगदान दे सकते हैं। बैठक में डीआईजी श्री अतुल सिंह, एसपी श्री संपत उपाध्या।य, नगर निगम कमिश्नशर श्रीमती प्रीति यादव, अपर कलेक्टसर सुश्री मिशा सिंह, जिला पंचायत के मुख्यि कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टसर श्री नाथूराम गोंड सहित अन्यध संबंधि?त अधिकारी मौजूद थे।



भोपाल -उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ आपरेशन सिंदूर की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की आंतकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान के आंतकवादी ठिकानों को नष्ट कर भारतीय सेना ने शक्ति, कुशल नेतृत्व, क्षमता और नागरिक सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय दुनिया को दिया है।



**बच्चों के पोषण और सही शारीरिक विकास के लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और आयुष विभाग परस्पर समन्वय से करें कार्य**

# प्रदेश के सभी शहरों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल उपलब्ध कराएं -मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कामकाजी महिलाओं की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी शहरों में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध कराई जाए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित सखी-निवास सुविधा का विस्तार उन औद्योगिक क्षेत्रों में भी किया जाए, जहां महिला कर्मचारी अधिक संख्या में हैं। बालिकाओं और महिलाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने तथा उनके कौशल उन्नयन के लिए विभागीय समन्वय से गतिविधियां संचालित की जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, शारीरिक विकास और पोषण की उचित उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य और आयुष विभाग निश्चित कार्य योजना बनाकर उसका क्रियान्वयन करें। आंगनवाड़ी भवनों की उपलब्धता और रख रखाव के लिए नगरीय निकायों और पंचायतराज संस्थाओं से भी आवश्यक समन्वय सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की गतिविधियों की मंत्रालय में समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। बैठक में कुपोषण मुक्त झाबुआ के लिए चलाए गए मोटी आई अभियान पर लघु फिल्म भी प्रदर्शित की गई। नवाचार को अनुकरणीय बताया गया। समीक्षा में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, विभागीय प्रमुख सचिव श्रीमती रश्मि अरूण शमी, आयुक्त महिला बाल विकास श्रीमती सूफिया फारूखी बली सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आंगनवाड़ियों में पूरक पोषण आहार उपलब्ध कराने की व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए एक माह में कार्य योजना प्रस्तुत की जाए। प्रोटीन युक्त भोजन सामग्री उपलब्ध कराने के लिए चना और अन्य प्रोटीन स्रोत अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। दुग्ध संघों से आंगनवाड़ी के बच्चों को दूध भी आवश्यक रूप से उपलब्ध कराया जाए। गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को भी सम्पूर्ण पौष्टिक आहार उपलब्ध करायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सामाजिक संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों के साथ मंदिरों में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग भी आंगनवाड़ियों की बेहतरी के लिए किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सुरक्षित प्रसव के लिए प्रसव की संभावित तिथि से पहले सुदूरवर्ती ग्रामों तथा अन्य स्थानों से अस्पताल पहुंचने वाली गर्भवती महिलाओं के रहने तथा उनकी देखरेख के लिए आवश्यक व्यवस्था विकसित की जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय-सीमा निर्धारित कर यह सुनिश्चित किया जाए की सभी जिलों में आंगनवाड़ियां शासकीय भवनों में संचालित हों। इसके लिए स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय विकास और जनजातीय कार्य विभाग सहित अन्य विभागों के उपलब्ध भवनों का भी उपयोग किया जाए। जिला स्तर पर पंचायत राज संस्थाओं, नगरीय निकायों के सहयोग तथा सांसद-विधायक निधि, डीएमएफ एवं अन्य संसाधनों से प्राथमिकता के आधार पर आंगनवाड़ियों के लिए भवनों का निर्माण कराया जाए। भवनों में जहाँ पर्याप्त स्थान और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हों, वहीं आंगनवाड़ियों का संचालन हो।

मिशन शक्ति में हिंसा से पीड़ित महिलाओं की सहायता के लिए प्रदेश में संचालित 57 वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से वर्ष 2024-25 में 31 हजार 726 महिलाओं को सहायता उपलब्ध कराई गई। महिला हेल्प लाइन-181 से इस वर्ष 82 हजार 552 महिलाओं को सहायता दी गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में गर्भवती महिलाओं को मजदूरी की हानि की आंशिक क्षतिपूर्ति के रूप में 58 लाख 70 हजार हितग्राहियों को एक हजार 878 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया। सशक्त वाहिनी नवाचार में 11 हजार 321 युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया और 156 युवतियां विभिन्न शासकीय विभागों में चयनित हुईं। बैठक में मिशन वात्सल्य, पूरक पोषण आहार कार्यक्रम, सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्रों के उन्नयन, पोषण भी पढ़ाई भी, लाड़ली लक्ष्मी योजना और लाड़ली बहना योजना की समीक्षा भी हुई।

# जुबेर मौलाना गैंग ने हिस्ट्री शीटर बदमाश के दो ठिकानों पर दागी गोलियां

भोपाल (आरएनएस)। कुख्यात बदमाश जुबेर मौलाना और उसके गुर्गों ने मंगलवार की सुबह जमकर आतंक मचाया। मंगलवारा के हिस्ट्री शीटर बदमाश साद खान दो ठिकानों पर आरोपियों ने फायरिंग कर वाहनों में तोड़फोड़ कर दी। दोनों ही थानों की पुलिस आरोपियों के खिलाफकेस दर्ज कर रही है। खास बात यह है कि जुबेर 6 महीनों से भोपाल पुलिस के रिकार्ड के मुताबिक फरार चल रहा है। फरारी में रहते हुए उसने दोनों वारदातों को अंजाम दिया है। अब पुलिस आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के दावे कर रही है।

एसीपी राकेश बघेल ने बताया कि मंगलवारा थाने का हिस्ट्री शीटर बदमाश साद खान है। कुछ महीने पहले ही जेल से छूटा है। उसका पुराना विवाद जुबेर मौलाना से चल रहा है। साद का पुश्तैनी मकान छावनी में है। यहां उसकी मां व अन्य रिश्तेदार रहते हैं। जबकि साद फिलहाल ऐशबाग इलाके में रह रहा है। पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार की रात साद और जुबेर में सोशल मीडिया पर बहस हुई। दोनों ने एक दूसरे को धमकी भरे मैसेज भेजे और ऑडियो रिकार्ड कर भेज दीं।

आरोपी जुबेर ने ऑडियो सेंड करने के बाद सुबह करीब 5 बजे छावनी में साद के पुश्तैनी मकान के बाहर फायरिंग कर दी। वहां खड़े आधा दर्जन से अधिक वाहनों में भी तोड़फोड़ कर दी। इलाके में दहशत फैलाने के बाद आरोपी फरार हो गए। बताया जा रहा है कि जुबेर और उसके गुर्गे तीन मोपेड पर सवार होकर आए थे। सभी चाहरों पर कपड़ा बांधे हुए थे। छावनी के बाद जुबेर और गुर्गे टीला जमालपुरा के इंद्रा नगर में पहुंचे। यहां साद का साला फैसल रहता है। बदमाशों ने फैसल के घर के बाहर फायरिंग की। इस समय सुबह के 6 बज चुके थे। यहां भी आरोपी दहशत पैदा कर फरार हो गए। मंगलवारा और टीला जमालपुरा पुलिस ने दो अलग-अलग केस दर्ज किए हैं। दोनों ही मामलों में आरोपियों की तलाश की जा रही है।

फैसल के घर के पड़ोस में रहने वाले सलीम ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे अचानक फायरिंग की आवाज आई। एकाएक तीन राउंड फायर किए गए। दहशत में नींद खुली तो कुछ युवक तीनों मोपेड पर सवार दिखे। गालियां देते और पिस्टलें लहराते हुए सभी आरोपी फरार हो गए।

**ऊंचाई पर पहुंचना आसान होता है, ऊंचाई पर बने रहना कठिन-बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित**

# शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की उचित व्यवस्था करना सरकार का संकल्प- उप मुख्यमंत्री शुक्ल



भोपाल (आरएनएस) उप मुख्यमंत्री एवं सागर जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं एवं देश की प्रगति के ये आधार हैं। इनको उचित मार्गदर्शन दें और अच्छा स्वास्थ्य देकर आगे बढ़ाएं ताकि वे पढ़-लिखकर देश, प्रदेश का नेतृत्व करें।उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की उचित व्यवस्था करना सरकार का संकल्प है।

हम स्कूल, अस्पताल को मंदिर जैसा पवित्र बनाएं। बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्होंने कहा कि, ऊंचाई पर पहुंचना आसान होता है परन्तु ऊंचाई पर बने रहना कठिन। इसके लिए सतत प्रयास करते रहें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जिस प्रकार बोर्ड परीक्षा की प्रावीण्य सूची में बेटियों ने बाजी मारी है इसी प्रकार आज देश में बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने बीना में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि विद्यार्थियों को असफलता से नहीं डरना चाहिए क्योंकि असफलता ही सफलता की ऊंचाइयों पर ले जाती है और अपना परचम फहराती है। उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा में देश में पहला स्थान रखने वाली सुश्री शक्ति दुबे का उदाहरण देते हुए कहा कि सुश्री शक्ति दुबे ने 4 बार यूपीएससी परीक्षा में असफल होने के बाद भी हार नहीं मानी और 5वीं बार में देश में पहले नंबर पर आकर अपना नाम, अपने परिवार, अपने प्रदेश का नाम रोशन किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा देश में जल जीवन मिशन के माध्यम से जो अभियान चलाया जा रहा है इससे घर-घर में पाइप लाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि भारत का भविष्य बेहतर और सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि प्रदूषित पानी बीमारी की जड़ होता है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हम सभी जल को संरक्षित और जल स्रोतों का संवर्धन करने का कार्य करें और शुद्ध पेयजल का सेवन करें।

## जनजातीय बसाहट क्षेत्रों में 1800 करोड़ से सड़कों का हो रहा कायाकल्प-मंत्री डॉ. शाह

भोपाल (आरएनएस)। जनजातीय कार्य एवं गैस राहत मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) के जरिये जनजातीय क्षेत्रों में आवागमन को सहज और सुगम बनाने के लिये लगभग 1100 किमी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

केन्द्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश में जनजातीय क्षेत्रों में चिन्हित 1295 बसाहटों के लिये 1800 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा देश भर में जनजातीय वर्ग के लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक विकास के लिये प्रधानमंत्री जनमन योजना के माध्यम से सड़क, शिक्षा, बिजली, पानी और पक्की छत उपलब्ध करवाने के लिये कार्य योजना बनाकर काम किये जा रहे हैं। मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा जनजातीय संवर्ग के उत्पाद के लिये चलाई जा रही योजनाओं के लिये त्रैमासिक स्तर पर राशि स्वीकृत की जा रही है। उन्होंने बताया कि केन्द्र और राज्य सरकार के समन्वय से 471 जनजातीय बसाहट क्षेत्रों में अभी 1097.29 किमी सड़कों के लिये 833.98 करोड़ रूपये स्वीकृत किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि 630 बसाहटों वाले क्षेत्रों में 1187 किमी की सड़कों के निर्माण लिये प्रस्ताव पर स्वीकृति मिली है। इसके अलावा 194 बसाहटों पर कार्यवाही शीघ्र प्रारंभ की जायेगी। डॉ. शाह ने बताया किगांव-गांव तक सड़क योजना का लाभ घर-घर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

**79 लाख की लागत से सीप नदी क्षेत्र में स्थापित किए गए छह विशेष तकनीक के टॉवर**

# अंतर्राज्यीय ट्रांसमिशन लाइन में टॉवरों का मॉडिफिकेशन और शिफ्टिंग कार्य पूर्ण -ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल(आरएनएस) ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी है कि वर्ष 2021 में आई विनाशकारी बाढ़ से प्रभावित श्योपुर जिले के सीप नदी क्षेत्र में अंतर्राज्यीय 132 केवी श्योपुर-सबलगढ़ टेप-खंदार (राजस्थान) डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन में टॉवरों के संशोधन एवं स्थानांतरण का कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। यह कार्य विद्युत पारेषण व्यवस्था को बाढ़ जैसी आपदाओं में भी सुदृढ़ और सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से किया गया। इसके तहत पुराने टॉवरों के फाउंडेशन को विशेष आधुनिक तकनीक से पुनर्निर्मित किया गया तथा कुछ टॉवरों को नदी के समीप सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर नये टॉवर लगाये हैं।

इस कार्य में 79 लाख रुपये की लागत आई है। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा बनाए गए छह नए टॉवर विशेष डिज़ाइन के फाउंडेशन पर आधारित हैं, जो भविष्य में बाढ़ जैसी आपदाओं का प्रभाव सहन करने में सक्षम होंगे।

श्री तोमर ने कहा कि यह परियोजना न केवल राज्य की विद्युत प्रणाली को सशक्त बनाएगी, बल्कि आपदा प्रबंधन और आधारभूत ढांचे की मजबूती का भी प्रमाण है। उन्होंने एमपी ट्रांसको के प्रयासों की सराहना की। एमपी ट्रांसको, ग्वालियर के अधीक्षण अभियंता श्री अरविंद शर्मा ने बताया कि वर्ष 2021 में बाढ़ और डैम ओवरफ्लो के कारण 132 केवी शिवपुरी-सबलगढ़ टेप-खंदार ट्रांसमिशन लाइन के छह टॉवर क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। साथ ही अंतर्राज्यीय विद्युत का आदान-प्रदान भी प्रभावित हुआ था। एम. पी. ट्रांसको द्वारा भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचाव के लिये स्पेशल ओपन कास्ट फाउंडेशन तकनीक का उपयोग करते हुए टावरों का पुनर्निर्माण, संशोधन और स्थानांतरण किया गया है।

श्री शर्मा ने यह भी बताया कि सीप नदी के जलभराव की आशंका को देखते हुए तहसील मानपुर के ग्राम कोटरा क्षेत्र में टॉवरों की ऊँचाई बढ़ाई गई है। साथ ही नदी के कटाव से सुरक्षा के लिए कुछ टॉवरों को नए स्थानों पर स्थापित किया गया है। इससे ट्रांसमिशन लाइन की स्थिरता और विद्युत आपूर्ति की निरंतरता सुनिश्चित हो सकेगी।

### माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की द्वितीय परीक्षा

भोपाल -सत्र 2024-25 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 7 मई से फार्म भरे जाना शुरू हो गये है। फार्म 21 मई 2025 तक रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। हाई स्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून 2025 तक और हाई सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई 2025 तक प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी।

## मंत्री टेटवाल ने संत शिरोमणि ग्लोबल स्किल पार्क में बालिका छात्रावास का किया लोकार्पण

भोपाल (आरएनएस)। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल की उपस्थिति में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क एवं राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल (ह्वढ्ढञ्जञ्जक्र) के मध्य एमओयू हुआ। यह एमओयू तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण और शोध के क्षेत्र में आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

इस अवसर पर आयोजित टीम बिल्डिंग वर्कशॉप में जुलाई 2024 बैच के 104 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। इस वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जीवन की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना था। मंत्री टेटवाल ने वर्कशॉप में प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

ग्लोबल स्किल पार्क के सीईओ गिरीश शर्मा ने जानकारी दी कि इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान फैकल्टी एवं शोधार्थियों के आदान-प्रदान, बहु-विषयक संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, पाठ्यक्रम डिज़ाइन, छात्रों की इंटर्नशिप एवं प्रशिक्षण, उभरती तकनीकों पर आधारित कौशल विकास कार्यक्रम, तकनीक और अधोसंरचना का साझा उपयोग, तथा इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी एवं शिक्षा विषयों पर कार्यशालाओं एवं सम्मेलनों का आयोजन करेंगे।

इसके साथ ही संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क, भोपाल द्वारा इंडिया एंटरप्राइज आर्किटेक्चर (ढ्ढश्वस्न्न) पर अनुसंधान के लिये पीएचडी फेलोशिप एवं अनुदान भी दिया जाएगा।

# स्कूल शिक्षा मंत्री सिंह ने बोर्ड परीक्षा की टॉपर छात्राओं से की बात

**भविष्य में भी मेहनत का सिलसिला जारी रखते हुए अपने लक्ष्य को करें हासिल**



भोपाल-(आरएनएस) स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने बुधवार को वीडियो कॉल से माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10 और 12वीं की टॉपर छात्राओं से बात कर उन्हें बधाई दी। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि हायर सेकण्डरी बोर्ड की परीक्षा में शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कु. प्रियल द्विवेदी ने 500 में से 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। शिक्षा मंत्री ने कु. प्रियल से उनकी परीक्षा में की गई तैयारियों के बारे में जानकारी ली। हाई स्कूल की टॉपर छात्रा प्रज्ञा से भी बात

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने वीडियो कॉल से कक्षा 10 हाई स्कूल परीक्षा की टॉपर सिंगरौली की कु. प्रज्ञा जायसवाल से भी बात की। उन्होंने कहा कि 500 अंक में से 500 अंक प्राप्त कर प्रज्ञा ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से देशभर के बच्चों को प्रोत्साहन मिला है। मंत्री श्री सिंह ने छात्रा कु. प्रज्ञा से उनके भविष्य की योजना में बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इस वर्ष की बोर्ड परीक्षा में छात्राओं का परीक्षाफल काफी बेहतर रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से भी दोनों छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दोनों ही छात्राओं ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दिया है।

**पोर्टल से जल आपूर्ति, मात्रा और गुणवत्ता मापदंडों का किया जायेगा नियमित मूल्यांकन**

# मंत्री श्रीमती उइके ने जल दर्पण पोर्टल एवं शिकायत निवारण कॉल-सेंटर का किया शुभारंभ



भोपाल (आरएनएस) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने %जल दर्पण पोर्टल% तथा फीडबैक एवं शिकायत निवारण प्रणाली कॉल-सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश में पेयजल योजनाओं की निगरानी और हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है।

मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि यह पोर्टल और कॉल-सेंटर हितग्राहियों को अपनी समस्याएं सीधे विभाग तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेंगे। इससे न केवल शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा, बल्कि योजनाओं की जमीनी हकीकत से भी विभाग अवगत होगा। इससे कार्यों में पारदर्शिता आयेगी, जबावदेही और सेवा गुणवत्ता में वृद्धि होगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकसित यह पोर्टल जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजनाओं की कव्हरेज और कार्यशीलता की वास्तविक समय में निगरानी करने, हितग्राहियों से प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त करने, सेवा वितरण की गुणवत्ता मापने, समस्याओं की पहचान करने और तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

राज्य स्तर पर स्थापित कॉल-सेंटर नल से जल आपूर्ति की नियमितता, मात्रा और गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण सेवा मापदंडों का मूल्यांकन करेगा। यह सिस्टम अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए ग्रामीण जल संरचना को मजबूत करेगा और नागरिक संतुष्टि को प्राथमिकता देगा।

मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जहाँ जल जीवन मिशन की पूर्ण योजनाओं की गतिविधियों का स्वत: फीडबैक लेने की व्यवस्था लागू की गई है। इससे अब प्रदेश में जल आपूर्ति योजनाओं की अद्यतन स्थिति का डाटा सुलभ होगा, जिससे बंद पड़ी योजनाओं की पहचान कर समय पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकेगी। प्रदेश में जल जीवन मिशन में अब तक 111.77 लाख ग्रामीण परिवारों में से 77.12 लाख परिवारों (69 प्रतिशत) को नल से जल प्रदाय सुनिश्चित किया जा चुका है। देश का पहला %हर घर जल% जिला बनने का गौरव बुरहानपुर को प्राप्त हुआ है। निवाड़ी जिले के सभी ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध करा कर 'हर घर जल' जिला घोषित किया जा चुका है। इंदौर जिले के समस्त ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराने का कार्य अंतिम चरण में है और शीघ्र ही इंदौर को भी 'हर घर जल' जिला घोषित किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन को राज्य सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में एकल ग्राम नल-जल योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने और सुशासन आधारित सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर ठोस प्रयास किए जा रहे हैं।



सनातन धर्म में दैनिक पूजा पाठ को विशेष महत्व दिया गया है, संसार रूपी जिम्मेदारियों को निभाते हुए अपने परम लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति को नहीं भूलना चाहिए, भगवान की दैनिक पूजा पाठ सभी को करना चाहिए, कलयुग में पूजा पाठ यज्ञ हवन आदमी से हो नहीं पाता है तो नाम स्मरण सर्वश्रेष्ठ बताया गया है जो सबसे सरल और आसान है, आप चलते फिरते कही भी पूजा पाठ कर सकते है. स्त्री और पुरुष परिवार रूपी गाड़ी के दो प्रमुख अंग है, इनको जीवन में अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है, पुरुष को नौकरी, कामकाज और आर्थिक जिम्मेदारी दिए गई है

## ट्रंप विरोधी राष्ट्रवाद

ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था। ये वाजिब सवाल होगा कि कनाडा के चुनाव नतीजों को अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ जनादेश कैसे कहा जा सकता है। लेकिन हकीकत यही है कि डॉनल्ड ट्रंप ने अपने जुबानी तीर से कनाडा की संप्रभुता पर जिस तरह निशाने साधे, वही कनाडा के आम चुनाव में निर्णायक मुद्दा साबित हुआ। वरना, पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो की सरकार इतनी अलोकप्रिय हो गई थी कि लिबरल पार्टी का सत्ता में लौटना नामुमकिन लगने लगा था। दरअसल, ट्रुडो को नेतृत्व छोड़ना ही इसलिए पड़ा, क्योंकि पार्टी अपने को सियासी संकट में पा रही थी। मगर ट्रंप के ह्वाइट हाउस में प्रवेश के साथ कनाडा की राजनीति ने करवट लेना शुरू किया।

पिछले साल के आखिर तक अगले प्रधानमंत्री के रूप में देखे जा रहे कंजरवेटिव पार्टी के नेता पियरे पॉलिवर ने अपनी छवि कनाडा के ट्रंप के रूप बना रखी थी। ट्रंप जैसी नीतियों के जरिए कनाडा के आर्थिक संकट को दूर करने का उनका वादा काम करता दिख रहा था। लेकिन जब असली ट्रंप का आक्रामक रूप दुनिया के सामने आया, जिसकी चपेट में कनाडा भी आ गया, तो वहां के लोगों में विपरीत प्रतिक्रिया होना लाजिमी ही था। पॉलिवर ने नए माहौल में ट्रंप विरोधी तेवर अपनाए, कनाडा की संप्रभुता की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई, लेकिन तब तक माहौल बदल चुका था।

## आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिशोध और शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं। भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी। बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी,

## वर्षों बाद भी व्यवस्था में कोई सुधार नहीं

कॉमनवेल्थ खेल घोटाले का मुकदमा भी ढह गया है। दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मुकदमा बंद करने की रिपोर्ट स्वीकार कर ली है। यह कथित घोटाला उस कथानक का एक बड़ा पहलू था, जिसको लेकर 2010-11 में भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन खड़ा किया गया। 2-जी स्पेक्ट्रम आवंटन घोटाला, कोयला खदान आवंटन घोटाला और मुंबई की आदर्श हाउजिंग सोसायटी घोटाला इसके अन्य पहलू थे। तत्कालीन यूपीए सरकार ने उन सभी मामलों में कानूनी प्रावधानों के अनुरूप कार्रवाई की। सत्ता पक्ष से जुड़े कई नेताओं को अपने पद छोड़ने पड़े। कुछ को जेल की हवा भी खानी पड़ी।

जो नेता जेल गए, उनमें सुरेश कलमाडी भी थे, जो कॉमनवेल्थ खेलों के आयोजन में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका के कारण घेरे में आए थे। मगर तत्कालीन सरकार की कार्रवाइयों को अविश्वसनीय बताने का ऐसा जोरदार अभियान छेड़ा गया कि मनमोहन सिंह सरकार और कांग्रेस पार्टी की छवि खलनायक की बन गई। अन्ना आंदोलन और उसके गर्भ से निकली आम आदमी पार्टी उस आंदोलन के मूर्त रूप थे। लेकिन उसके पीछे बड़े सियासी और औद्योगिक हितों के हाथ की चर्चा तब से लेकर आज तक रही है। भारत के इतिहास में जब विवेकहीनता के मौजूदा माहौल की चर्चा होगी, तो इसकी जड़ों की तलाश उसी दौर में की जाएगी।

तब भ्रष्टाचारियों को सरेआम फांसी पर लटकाने की मांग को लेकर उभारे गए जन उद्वेग ने आगे चल कर अन्य मसलों पर भी उसी तरह का माहौल बनाने का रास्ता साफ किया। जबकि न्यायिक धरातल पर उन कथित घोटालों से जुड़े एक के बाद एक मुकदमे ढहते चले गए। तब जिन्हें भ्रष्टाचारी मान लिया गया था, उनमें से ज्यादातर अब बरी हो गए हैं।

## पहलगाम हमले से वक्फ की लड़ाई से देश का ध्यान भटका

हरिशंकर व्यास

जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना और उससे पहले पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर की भड़काऊ भाषण ऐसे समय में हुआ है, जब भारत में कई किस्म के सांप्रदायिक विवाद चल रहे हैं। एक बड़ा विवाद वक्फ संशोधन कानून का है, जिसे सरकार ने संसद के बजट सत्र में पास किया। तीन और चार अप्रैल को यह विधेयक क्रमश: लोकसभा और राज्यसभा से पास हुआ। छह अप्रैल को राष्ट्रपति ने इसकी मंजूरी दी और केंद्र सरकार ने दो दिन बाद इसे लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी।

इस कानून के खिलाफ दो स्तर पर लड़ाई चल रही है। एक लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है, जहां 70 से ज्यादा याचिकाएं दायर की गई हैं तो दूसरी लड़ाई सड़क पर चल रही है, जिसका नेतृत्व ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड कर रहा है। पहलगाम की घटना ने वक्फ की लड़ाई से देश का ध्यान भटका दिया है।

गौरतलब है कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड यानी एआईएमपीएलबी ने 10 अप्रैल से 87 दिन के विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया था और कहा था कि सात जुलाई तक उसका प्रदर्शन चलेगा। इस दौरान वक्फ कानून के खिलाफ एक करोड़ लोगों के दस्तखत जुटाए जाएंगे और उन्हें प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। इसके बाद एआईएमपीएलबी की ओर से विरोध प्रदर्शन के दूसरे चरण की घोषणा होनी थी।

एआईएमपीएलबी के साथ साथ जमात ए उलमा ए हिंद की ओर से भी प्रदर्शन हो रहा था और इसके अलावा हर जुमे को नमाज के बाद किसी न किसी रूप में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। परंतु पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों से 'कलमा' पढ़वाने और धर्म पूछ कर हत्या कर देने की घटना के बाद समूचा विरोध प्रदर्शन एक तरह से स्थगित हो गया है। आम लोगों का ध्यान भी इससे हट गया है।

यह ऐसी घटना हुई है, जैसी इससे पहले कश्मीर घाटी में देखने सुनने को नहीं मिली थी। कुछ आतंकवादी बाहरी लोगों की हत्या कर रहे थे लेकिन पर्यटकों को निशाना नहीं बनाया जा रहा था। इसी वजह से सुरक्षा बल भी लापरवाह हो गए थे। पंजाब में आतंकवाद के समय धर्म पूछ कर हत्या करने की अनेक घटनाएं हुई थीं और उसके बाद उसको खत्म करने में समय नहीं लगा। कश्मीर घाटी में ऐसा नहीं होता था। पहली बार ऐसा हुआ कि हिंदुओं को धर्म पूछ कर मारा गया। इस वजह से वक्फ कानून के खिलाफ लड़ रहे संगठन और नेता भी बैकफुट हैं और व्यापक रूप से मुस्लिम आबादी भी हिली हुई है। उसको लग रहा है कि इससे भारतीय समाज में उनका अलगाव पहले से ज्यादा बढ़ेगा। यही कारण है कि ऑल इंडिया एमआईएम के नेता हों यो एआईएमपीएलबी और जमात के नेता, सब आगे बढ़ कर इस आतंकवादी घटना की निंदा कर रहे हैं। उनमें होड़ लगी है कि कौन ज्यादा कठोर शब्द में निंदा कर सकता है। इतना ही नहीं उन्होंने देश भर के मुस्लिम लोगों से कहा कि वे इस जुमे को यानी शुक्रवार, 25 अप्रैल को नमाज के दौरान काली पट्टी बांध कर पहलगाम की घटना का विरोध जताएं।

## बुध देवता की कृपा से पाएं धन-वैभव

बुध ग्रह को ग्रहों में राजकुमार की उपाधि दी गई है. बुध ग्रह को भगवान विष्णु का प्रतिनिधि कहा जा सकता है.

बुध की दिशा उत्तर है तथा उत्तर दिशा कुबेर का स्थान भी है. बुध से जुडा सर्वाधिक महत्वपूर्ण गुण धर्म है. बुध को कई महत्वपूर्ण तथ्यों का कारक ग्रह माना गया है . जैसे - वाणी का कारक, बुद्धि का कारक, त्वचा का कारक, मस्तिष्क की तंत्रिका तंत्र का कारक आदि. जन्म या वर्ष कुंडली में बुध ग्रह अशुभफलदायी हो तो भगवान विष्णु का ध्यान करके शुक्ल पक्ष के बुधवार को आरंभ करके बीज मंत्र का जप करना चाहिए.

ऊँ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः

दान योग्य वस्तुएं...

मूंगी, 5 हरे फल, चीनी, हरे पुष्प, हरी इलायची, कांस्य पत्र, पन्ना सोना, हाथी का दांत, हरी सब्जी, हरा कपड़ा, दक्षिणा सहित दान करें.

उपाय .. कुंडली में बुध शुभ होते हुए भी फलकारक न हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे- 1... हरे रंग का पन्ना बुधवार को सोने की अंगुठी में धारण करें. 2... हरे रंग के वस्त्र पहनें 3... बुधवार को चांदी या कांस्य के गोल टुकड़े को हरे रंग के कपड़े में लपेट कर जेब में रखें या भुजाओं के साथ बांधें. यदि बुध अशुभ हो तो 1... मूंगी साबत के सात दानें, हरा पत्थर, कांसे का गोल चुकड़ा, हरे वस्त्र में लपेट कर बुधवार को चलते पानी में बहाना शुभ होगा.

## न्यायपालिका की आलोचना मौजूदा राजनीतिक माहौल

अजीत द्विवेदी

न्यायिक सक्रियता की हमेशा आलोचना होती रही है। यह आम धारणा है कि सरकार कमजोर होती हैं तो न्यायपालिका सक्रिय हो जाती है और वह विधायिका व कार्यपालिका दोनों के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करती है या करने की कोशिश करती है। भारत में न्यायिक सक्रियता की सबसे तेज गूंज तभी सुनाई दी थी, जब देश में गठबंधन की सरकारों का दौर शुरू हुआ।

आठवें दशक के आखिरी दिनों से लेकर समूचे नब्बे के दशक में भी न्यायपालिका खूब सक्रिय रही। अनायास नहीं है कि उसी दौर में जजों की नियुक्ति और तबादले का कॉलेजियम सिस्टम भी शुरू हुआ। उस समय सर्वोच्च अदालत के फैसलों से कई नीतियां तय हुईं। आरक्षण की सीमा तय करने से लेकर क्रीमी लेयर बनाने तक के सारे काम उसी दौर में हुए।

तब भी न्यायपालिका की खूब आलोचना होती थी। लेकिन उस समय की आलोचना और अभी हो रही आलोचना में एक बुनियादी फर्क है। उस समय अदालतों के फैसले के गुणदोष पर ज्यादा चर्चा होती थी। हर फैसले को उसके गुणदोष की कसौटी पर कसा जाता था। आलोचना के लिए संवैधानिक तर्क दिए जाते थे। लेकिन अब आलोचना में बौद्धिक दरिद्रता झलकती है। अब फैसले के गुणदोष पर बात नहीं होती है और न फैसले को गलत साबित करने के लिए कोई संवैधानिक तर्क दिया जाता है। अब न्यायपालिका की आलोचना राजनीति में चलने वाले कुतर्कों से की जाती है।

मिसाल के तौर पर तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा विधानसभा से पारित 10 विधायकों को लंबे समय तक लंबित रखने के मामले में दिए गए सुप्रीम कोर्ट के फैसले की जो आलोचना हो रही है उसमें इस फैसले को संवैधानिक प्रावधानों की कसौटी पर गलत साबित करने का एक भी तर्क नहीं दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि अदालतें कानून बनाने लगेंगी तो संसद और विधानसभाओं में ताला लगा देना चाहिए। लेकिन क्या कोई बता सकता है कि अदालत ने कौन सा कानून बना दिया है? कानून तो बना हुआ है कि विधानसभा से पारित किसी भी विधेयक को राज्यपाल मंजूरी देंगे या वापस लौटाएंगे या राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेजेंगे।

यही तीन विकल्प हैं। कानून में यह भी लिखा हुआ है कि अगर राज्यपाल ने विधेयक लौटाया है और विधानसभा उसे दोबारा पारित करके भेजेगी तो अनिवार्य रूप से राज्यपाल को उस पर मंजूरी देनी होगी। यह सब संविधान में लिखा हुआ है। लेकिन इस कानून में एक लूपहोल खोज लिया गया कि इसमें यह नहीं लिखा गया है कि कितने समय में बिल को मंजूरी देनी है या कितने समय में लौटाना है।

## युद्धकाल में देवी त्रिपुरा सुंदरी के इन मंत्रों से देश और घर-परिवार की सुरक्षा में योगदान करें!

जीवन में संपूर्ण सुरक्षा के लिए नियमित रूप से देवी त्रिपुरा सुंदरी के देवी-कवच का पाठ करना चाहिए.

युद्धकाल के समय समर्पित भाव से देवी कवच के इन मंत्रों का जाप कर देश और घर-परिवार की संपूर्ण सुरक्षा में योगदान दे सकते हैं....

त्राहि मां देवि दुष्प्रेक्ष्ये शत्रूणां भयवर्धिनि.  
प्राच्यां रक्षतु मामैन्द्री आग्नेय्यामग्निदेवता॥  
दक्षिणेऽवतु वाराही नैर्ऋत्यां खड्गधारिणी.  
प्रतीच्यां वारुणी रक्षेद् वायव्यां मृगवाहिनी॥  
उदीच्यां पातु कौमारी ऐशान्यां शूलधारिणी.  
ऊर्ध्वं ब्रह्माणि मे रक्षेदधस्ताद् वैष्णवी तथा॥  
एवं दश दिशो रक्षेच्चामुण्डा शववाहना.  
जया मे चाग्रत: पातु विजया पातु पृष्ठत:॥

* भावाथ....ं शत्रुओं का भय बढ़ाने वाली जगदम्बिके! मेरी रक्षा करो, पूर्व दिशा में ऐन्द्री (इंद्रशक्ति) मेरी रक्षा करे, अग्निकोण में अग्निशक्ति, दक्षिण दिशा में वाराही तथा नैर्ऋत्यकोण में खड्गधारिणी मेरी रक्षा करे, पश्चिम दिशा में वारूणी और वायव्यकोण में मृगपर सवारी करने वाली देवी मेरी रक्षा करे,

## हमले का निर्णायक रूप से जवाब दे सरकार

अजीत द्विवेदी

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछ कर नरसंहार की जो घटना हुई है वह एक गंभीर खतरे का संकेत है। इस खतरे के छोटे छोटे संकेत पहले से मिल रहे थे। पिछले कुछ समय से राज्य में लक्षित हमले बढ़े हैं। बाहरी लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। मजदूरों पर हमले हो रहे हैं। इससे पहले आमतौर पर कहा जाता था कि बाहरी लोग या पर्यटक स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान देते हैं इसलिए आतंकवादी उन पर हमला नहीं करते हैं। उनको लगता है कि पर्यटकों पर हमले से स्थानीय लोग नाराज होंगे, जिससे उनका समर्थन घटेगा। स्थानीय लोगों के समर्थन के बगैर आतंकवादियों का टिकना मुश्किल है। तभी सवाल है कि आतंकवादियों ने पर्यटकों पर हमला नहीं करने के अघोषित नियम को क्यों तोड़ा है? क्या अब उनको स्थानीय लोगों के समर्थन की जरुरत नहीं है या स्थानीय लोग भी छोटे छोटे आर्थिक लाभ की बजाय किसी बड़ी योजना के लिए इस तरह की कार्रवाई को जरूरी समझने लगे हैं और मूक समर्थन दे रहे हैं?

जो हो इसे नए दौर की शुरुआत मान सकते हैं। यह भी मानना चाहिए कि यह अनायास नहीं हुआ है। ऐसा नहीं है कि अचानक एक दिन लश्कर ए तैयबा ने फैसला किया कि स्थानीय लोग चाहे जो सोचें, अब पर्यटकों पर हमला करना है और स्थानीय अर्थव्यवस्था को सपोर्ट करने वाले सिस्टम को नष्ट करना है। यह किसी बड़ी और सोची समझी योजना का हिस्सा है, जिसका इशारा पिछले दिनों पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने किया था।

उन्होंने हिंदू और मुस्लिम के दो अलग अलग राष्ट्र होने की बात कही थी। उसमें उन्होंने दोनों की रहन सहन, खानपान आदि की विभिन्नता के साथ साथ दोनों की महत्वाकांक्षाएं अलग होने की बात भी कही थी। उन्होंने मुस्लिम समाज की अलग महत्वाकांक्षा की बात नए दौर की नई रणनीति के तहत की है।

पाकिस्तान के सेना प्रमुख के इशारे को समझ कर भारत की खुफिया एजेंसियों को अलर्ट हो जाना चाहिए था। अगर खुफिया और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट होतीं तो इस घटना को टाला जा सकता था। यह हैरानी की बात है कि लश्कर ए तैयबा से जुड़े द रसिस्टेंस फ्रंट की ओर से बाहरी लोगों पर लक्षित हमले हो रहे हैं लेकिन यह संगठन बड़ा हमला कर सकता है इसका अंदाजा नहीं लगाया गया। यह भी तथ्य सुरक्षा बलों को पता है कि पहले 90 फीसदी आतंकवादी स्थानीय होते थे, जो पर्यटकों पर हमले नहीं करते थे या लक्षित हमले नहीं करते थे, लेकिन अब ज्यादातर आतंकवादी बाहरी हैं, जिनके लिए स्थानीय लोगों की भावनाएं बहुत मैटर नहीं करती हैं। ऊपर से पाकिस्तान के सेना प्रमुख की भड़काऊ बातें। इन सब के बावजूद सारी चीजें रूटीन के अंदाज में हो रही थीं। हालांकि यह सवाल उठ रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 19 अप्रैल का कश्मीर दौरा क्यों टला था? उनको जम्मू से श्रीनगर की ट्रेन को हरी झंडी दिखानी थी लेकिन ऐन मौके पर कहा गया कि खराब मौसम की चेतावनी के कारण उनकी यात्रा टाल दी गई है। हालांकि पिछले पांच दिन में बहुत खराब मौसम की कोई सूचना नहीं है। सो, क्या किसी खुफिया सूचना के आधार पर यात्रा टाली गई थी? अगर आतंकवादियों की गतिविधियों को लेकर कोई सूचना थी तो उस हिसाब से सुरक्षा बलों की तैनाती क्यों नहीं की गई थी? पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भी अतिरिक्त बंदोबस्त क्यों नहीं किए गए थे? पहलगाम के जिस इलाके में आतंकवादियों ने हमला किया है वह पर्यटकों की पसंदीद जगह है। बताया जा रहा है कि पिछले चार महीने में करीब 25 लाख लोग पहलगाम पहुंचे, जिसमें से 23 लाख लोग इस घाटी में गए। फिर भी वहां दूर दूर तक सुरक्षा बलों का कोई जवान तैनात नहीं था। आतंकवादी जंगल से निकले और 20 मिनट तक हिंसा का तांडव करते रहे और जंगल में भाग गए। इस दौरान कोई प्रतिरोध नहीं हुआ। एक भी जवाबी फायरिंग नहीं हुई।

सोचें, घाटी में आतंकवादियों के अत्याधुनिक हथियारों से फायरिंग की गूंज कहां तक जा रही होगी फिर भी 20 मिनट तक कोई फोर्स नहीं आई! इसका मतलब है कि दो किलोमीटर के दायरे में कहीं भी सुरक्षा बल के जवान नहीं थे। क्या इसे बड़ी लापरवाही नहीं मानेंगे? क्या खुफिया और सुरक्षा बलों को यह ध्यान नहीं था कि भारत में जब भी कोई हाई प्रोफाइल विजिट होती है तो आतंकवादी उसमें खलल पैदा करने का प्रयास करते हैं।

याद करें कैसे सन 2000 में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के समय चिट्टिसिंहपुरा नरसंहार हुआ था, जिसमें आतंकवादियों ने सिखों की हत्या की थी। अब फिर अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भारत में हैं और आतंकवादियों ने धर्म की पहचान करके नरसंहार कर दिया।

ध्यान रहे जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने और विशेष राज्य का दर्ज समाप्त होने के बाद पूरे देश में कश्मीर को लेकर एक सकारात्मक धारणा बनी। राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने और जम्मू कश्मीर के मुख्यधारा में शामिल होने की धारणा भी मजबूत हुई। इस वजह से पर्यटन बढने लगा था और सरकार के आंकड़ों के मुताबिक पिछले साल यानी 2024 में दो करोड़ 30 लाख पर्यटक कश्मीर गए थे।

राज्य में बरसों के बाद चुनाव हुआ और लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ। परंतु इस एक हमले ने पूरी धारणा बदल दी। यह हमला इसी मकसद से किया गया था ताकि घाटी में हालात सामान्य होने की सकारात्मक धारणा को बदला जा सके। शांति का माहौल बिगाड़ा जा सके और लोगों में भय का माहौल पैदा किया जाए। यह स्थिति पाकिस्तान के हुक्मरानों को सूट करती है।

चूंकि पाकिस्तान में हालात लगातार बिगड़ रहे है। आर्थिक तौर पर वह दिवालिया होने की कगार पर है तो भू राजनीतिक स्थितियों के हिसाब से देखें तो उसका बाल्कनाइजेशन स्पष्ट दिख रहा है। बलूचिस्तान से लेकर सिंध तक अलगाववादी आंदोलन तेज हो रहे हैं। पिछले दिनों बलूच विद्रोहियों ने क्वेटा में पाकिस्तान की ट्रेन अगवा करके पाकिस्तानी ऑथोरिटी को चुनौती दी। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल में बंद करके पाकिस्तान की सत्ता और सेना दोनों ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बाधित किया

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि- आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। इस राशि के टेक्सटाइल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा होने के योग है। आर्थिक पक्ष पहले से मजबूत बना रहेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अधिकारियों के साथ आपको अपने व्यवहार में थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। धन लाभ के नए सोर्स नजर आ सकते हैं। आपको परिवार के किसी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है।

मिथुन राशि- आज का दिन आपके लिए खुशियों की सौगात लेकर आया है। आप खुद को एनर्जी से भरा महसूस करेंगे। आज आप जिस काम को करेंगे, वो समय से पहले पूरा हो जाएगा।

कर्क राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। व्यर्थ के कामों में अपना समय बर्बाद न करें। रुका हुआ काम अगर फिर से शुरू करेंगे तो फायदा हो सकता है।

सिंह राशि- आज आपका दिन आपके लिए बहुत ही खास होने वाला है। इस राशि के लोगों को अपनी कड़ी मेहनत का पॉजिटिव रिजल्ट मिलेगा। जिससे कॉन्फिडेंस बढ़ेगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आप परिवारवालों के साथ समय बिताएंगे। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा। इस राशि के एग्रोकेमिकल व्यापारी वर्ग को आज अचानक बड़ा फायदा हो सकता है।

तुला राशि- आज आपका दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किए गए कामों की तारीफ हो सकती है।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। साइंस से जुड़े बच्चों को अच्छी जॉब का ऑफर मिल सकता है।

धनु राशि- आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि की महिलाएं जो घर पर ही बिजनेस करने की सोच रही है नके लिए आज का दिन अच्छा है। सिंगर्स का गाना लोगों को काफी पसंद आएगा।

मकर राशि- आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। लंबे समय से सोचा हुआ काम आज पूरा हो जाएगा, जिसके प्रभाव से आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा।

कुंभ राशि- आज आपका दिन आपके फेवर में रहने वाला है। आज आप नया वाहन लेने का मन बनायेंगे। आज अचानक धन लाभ होने से आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनेगी। आज आपको कार्यों में किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा।

मीन राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। संयम बनाकर काम करने से आपके रुके काम भी बनेंगे। इस राशि के इंजीनीयर्स के लिए आज का दिन खास है,



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला लेने के लिए तीनों सेनाओं के प्रमुखों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। द्र मोदी की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन लोगों ने भारत की बहनों और बेटियों के सिंदूर को मिटाने की कोशिश की, उन्होंने पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) में नौ स्थानों पर भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा किए गए हमलों में अपना वंश खो दिया।



# लाहौर में सैन्य हवाई अड्डे के बाहर हुए तीन विस्फोट

## बजने लगे सायरन, ऑपरेशन सिंदूर के बाद फिर से दहली पाकिस्तान की धरती

लाहौर (आरएनएस)। लाहौर में वाल्टन रोड पर सैन्य हवाई अड्डे के बाहर तीन विस्फोट हुए, स्थानीय प्रसारक जियो टीवी और रॉयटर्स के एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, गुरुवार सुबह पाकिस्तान के लाहौर में एक जोरदार विस्फोट हुआ। यह विस्फोट भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी शिविरों पर हमले करने के एक दिन बाद हुआ है। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि विस्फोट किस कारण से हुआ। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गुरुवार सुबह पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के सबसे बड़े शहर लाहौर में वाल्टन रोड पर कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई।



बताया जा रहा है कि ये धमाके पॉश इलाके वाल्टन रोड पर स्थित एक सैन्य हवाई अड्डे के बाहर एक के बाद एक हुए। जियो न्यूज के अनुसार, धमाके के बाद सायरन बजने लगे और दमकल विभाग और पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए। सोशल मीडिया पर दिखाई गई तस्वीरों में लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल रहे हैं और परिसर में स्थित एक इमारत से काला धुआं निकल रहा है। एहतियात के तौर पर, वाल्टन रोड से करीब 25 किलोमीटर दूर लाहौर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को बंद कर दिया गया है। स्थानीय मीडिया द्वारा साझा किए गए दृश्यों में लाहौर की सड़कों पर दहशत दिखाई दे रही थी, जहां लोग अपने घरों से बाहर निकलकर डर के मारे सड़कों पर जमा हो गए थे। शहर के वाल्टन रोड पर लगातार तीन विस्फोटों की आवाज सुनाई देने के कारण शहर में धुएं के बादल छा गए। समा टीवी की रिपोर्ट के अनुसार, आज सुबह सीमा पर तनाव के कारण लाहौर और सियालकोट में कई हवाई मार्गों को वाणिज्यिक उड़ानों के लिए अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया।

बुधवार को, भारतीय सशस्त्र बलों ने एक बड़े अभियान को अंजाम दिया, जिसमें पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया गया। 'ऑपरेशन सिंदूर' नाम का यह हमला पहलगाम आतंकी हमले का बदला लेने के लिए किया गया था, जिसमें 26 भारतीय मारे गए थे, जिनमें यादातर हिंदू थे। एक बयान में, भारत ने कहा कि उसने आतंकी शिविरों पर सटीक और संयमित प्रतिक्रिया की। विदेश मंत्रालय ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऑपरेशन को गैर-उग्र बनाया गया था और किसी भी नागरिक, आर्थिक या सैन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं पहुँचाया गया। यह मुठभेड़ कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए हमले के बाद हुई है, जहाँ बंदूकधारियों ने एक नागरिक इलाके में घुसकर 26 लोगों – यादातर पुरुषों – को उनके परिवारों के सामने मार डाला था। भारत का दावा है कि हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकवादी समूह थे, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने बदला लेने की कसम खाई। पाकिस्तान ने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया।

## पाकिस्तान की दोहरी पिटाई...

# बागियों ने रिमोट से उड़ा दिए 14 पाकिस्तानी सैनिकों के परखच्चे, बलूच लिबरेशन आर्मी ने ली हमले की जिम्मेदारी

पाकिस्तान-(आरएनएस)। पाकिस्तान भले ही ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत पर गुर्रा रहा हो लेकिन वह अपने ही खोदे कुएं में घिरा हुआ है। चाहें कितनी भी कसम पाकिस्तान भारत से बदला लेने की खा ले लेकिन उसके हाथ कुछ नहीं लगने वाला है। आखिर किस किस से निपटेगा पाकिस्तान। शहहाज शरीफ की सरकार परेशान हैं। एक तरफ पहलगाम हमले जैसी गंदी हरकत करके वह भारत के निशाने पर आ गया है वहीं दूसरी और बलूच लिबरेशन आर्मी ने उसका जीना दुशवार कर रखा है। आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ भारत के ऑपरेशन सिंदूर अभियान के साथ-साथ पाकिस्तानी सेना के लिए दोहरी मार, बलूच लिबरेशन आर्मी ने बलूचिस्तान प्रांत के बोलन और केच क्षेत्र में दो अलग-अलग हमलों की जिम्मेदारी ली है, जिसके परिणामस्वरूप 14 पाकिस्तानी सेना के जवान मारे गए।

पहले हमले में, बीएलए के विशेष सामरिक अभियान दस्ते (एसटीओएस) ने माच, बोलन के शोरकंद क्षेत्र में एक पाकिस्तानी सैन्य काफिले पर रिमोट-नियंत्रित आईईडी हमला किया। विस्फोट में कथित तौर पर विशेष अभियान कमांडर तारिक इमरान और सूबेदार उमर फारूक सहित सभी 12 सैनिक मारे गए। विस्फोट में सैन्य वाहन पूरी तरह



से नष्ट हो गया। एक अन्य ऑपरेशन में, बीएलए के लड़ाकों ने केच के कुलाग तिगरान क्षेत्र में पाकिस्तानी सेना के बम निरोधक दस्ते को निशाना बनाया। बुधवार को दोपहर करीब 2¬40 बजे रिमोट-नियंत्रित आईईडी में विस्फोट हुआ, जब यूनिट एक निकासी मिशन का संचालन कर रही थी। हमले में दो कर्मियों की मौत हो गई।

**बलूच लिबरेशन आर्मी ने जिम्मेदारी ली**

बलूच लिबरेशन आर्मी के प्रवक्ता जीयंद बलूच के अनुसार, बलूच लिबरेशन आर्मी को विदेशी प्रॉक्सी कहने वाले किराए के हत्यारों को पता होना चाहिए कि पाकिस्तानी सेना खुद एक भाड़े का सशस्त्र गिरोह है जो चीनी पूंजी और पापा जोन्स पर पनपता है। सेना की वर्दी का अर्थ बदलता रहता है-

# बौखलाए पाकिस्तान ने एलओसी पर पुंछ में ताबड़तोड़ की फायरिंग, भारतीय सेना का एक जवान शहीद

नई दिल्ली (आरएनएस)। ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट साफ तौर पर दिखाई दे रही है। जम्मू कश्मीर के पुंछ में भारत-पाकिस्तान की सेना के बीच गोलीबारी जारी है। इस फायरिंग में भारतीय सेना का एक जवान शहीद हो गया है। एलओसी पर



पुंछ में ताबड़तोड़ फायरिंग की जा रही है। बुधवार को जम्मू के 15 निर्दोष लोगों की मौत हो गई। इनके साथ ही भारतीय सेना का एक जवान भी शहीद हो गया। व्हाइट नाइट कोर की ओर से बताया गया कि 5 एफडी रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल दिनेश कुमार इस फायरिंग में शहीद हुए हैं। पाकिस्तान ने एलओसी पर निशाना साधते हुए आम नागरिकों पर वार किया है। एलओसी के पास गांवों पर तोप औऱ मोर्टर से गोलीबारी की है, उसमें करीब 7 लोगों की जान चली गई है। जबकि 35 से भी ज्यादा लोग घायल हैं। हैं भारतीय सेना ने दिया जवाब भारतीय सेना ने भी करारा जवाब दिया है। भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तानी सेनाओं को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। मंडलायुक्त जम्मू ने जानकारी दी है कि मौजूदा स्थिति को देखते हुए जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी और पुंछ के सभी स्कूल, कॉलेज और शैक्षणिक संस्थान आज बंद ही रहेंगे। बता दें, भारतीय सेना की तरफ से हुए हमले के बाद पुंछ के कृष्णा घाटी, शाहपुर और मनकोट, राजौरी, मंजाकोट और गंभीर ब्राह्मण एवं उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के करनाह इलाके में सीमा के पार से भारी गोलीबारी की गई है। मनकोट में दो नागरिकों के तहत होने की खबर है। सीमा पर तैनात इंडियन सुरक्षा बलों ने भी करारा जवाब दिया है।

# ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है, सरकार ने कहा- हम सिर्फ़ शासन करने के लिए सत्ता में नहीं हैं

नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्र ने पड़ोसी देश के साथ चल रहे संघर्ष के बारे में राजनीतिक दलों को जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के दौरान कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है, जबकि सीमा पर स्थिति तेजी से बदल रही है। बैठक में प्रमुख दलों के नेताओं ने भाग लिया और इसकी अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिसके दौरान कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने सरकार को पूर्ण समर्थन दिया है। सूत्र बता रहे हैं कि सरकार की ओर से कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए हैं।

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बैठक



की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की, जिन्होंने सभी को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी और सभी नेताओं ने अपने सुझाव दिए। सभी नेताओं ने ऐसे समय में परिपक्वता दिखाई है जब हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। सभी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सशस्त्र बलों की सराहना की और उन्हें बधाई दी, और कहा कि हम सरकार और सशस्त्र बलों का समर्थन करेंगे। हमें कुछ सुझाव भी मिले हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम सिर्फ़ शासन करने के लिए सरकार नहीं बनाते।

किरेन रिजिजू ने कहा कि राजनीतिक दल जनता की आवाज़ होते हैं और नेताओं का एक स्वर में बोलना। मुझे लगता है कि यह भी हमारी सफलताओं में से एक है। ऑपरेशन सिंदूर की पहली स्ट्राइक के बाद जो चल रहा है, उसके बारे में बताना ठीक नहीं है, और इसीलिए अधिकारियों को मीटिंग में नहीं बुलाया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और मंत्री जेपी नड्डा और निर्मला सीतारमण ने भाग लिया। सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। जैसा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने कहा, उन्होंने (सरकार ने) कहा कि कुछ चीजें हैं जिन पर हम चर्चा नहीं करना चाहते हैं।

कांग्रेस सांसद और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बैठक में हमने सुना कि उन्हें (केंद्र को) क्या कहना था। उन्होंने यह भी कहा कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे के कारण कुछ गोपनीय जानकारी साझा नहीं कर सकते। हमने उनसे कहा कि हम सब सरकार के साथ हैं। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हमारा रुख बिल्कुल साफ है। आतंकवाद को खत्म करने के लिए भारतीय सेना और सरकार जो भी कदम उठाती है, हम उसका समर्थन करते हैं। जहां तक ??सर्वदलीय बैठक का सवाल है, तो बेहतर होता कि प्रधानमंत्री उसमें होते।

# तेलंगाना ग्रेहाउंड फोर्स के 5 जवान आईईडी धमाके में शहीद, 10 माओवादियों को भी मार गिराया



जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कर्रेगुट्टा पहाड़ी के उत्तरी भाग में इलमिड़ी गांव के पास चलाए गए तेलंगाना ग्रेहाउंड्स बल के एक अभियान में दुखद घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार वाजेडु (तेलंगाना) से लौट रही ग्रेहाउंड्स टीम का पिछला दस्ता इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) की चपेट में आ गया। इस विस्फोट में ग्रेहाउंड्स के पांच जवान बलिदान हो गए। हालांकि, अग्रिम दल ने माओवादियों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक करोड़ के इनामी माओवादी चंद्रन्ना, जो कि सीसीएम (सेंट्रल कमेटी मेंबर) है, और 25 लाख के इनामी माओवादी बंडी प्रकाश, जो कि एसजेडसीएम (स्टेट जोनल कमेटी मेंबर) है, समेत कुल 10 माओवादियों को मार गिराया है। मुठभेड़ अभी भी जारी है।

## तिरंगा फिल्म के स्टाइल में पाकिस्तान से डील कर रहा भारत

# पहले लात, फिर बात और उसके बाद जरुरत पड़ी तो मुलाकात

नई दिल्ली-(आरएनएस)। इस्लामाबाद में भारतीय प्रभारी गीतिका श्रीवास्तव इस्लामाबाद में प्रमुख वार्ताकारों के संपर्क में हैं। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय हमलों पर विरोध जताने के लिए बुधवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने उन्हें तलब किया था। सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री और एनएसए मार्को रुबियो द्वारा एनएसए अजीत डोभाल से बात करने के बाद दोनों पक्ष संपर्क में हैं।



भारत राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और लेफ्टिनेंट जनरल असीम मलिक तथा उनके उच्चायुक्तों के माध्यम से पाकिस्तान के संपर्क में है, जबकि दोनों देशों की सेनाएं पाकिस्तान की सीमा के भीतर किए गए हमलों को लेकर आमने-सामने की स्थिति में हैं। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार सारे डिप्लोमैटिक चैनल्स खुले हैं। हालांकि वे संकट की स्थिति के लिए हैं।

इस्लामाबाद में भारतीय प्रभारी गीतिका श्रीवास्तव इस्लामाबाद में प्रमुख वार्ताकारों के संपर्क में हैं। पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में भारतीय हमलों पर विरोध जताने के लिए बुधवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने उन्हें तलब किया था। सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री और एनएसए मार्को रुबियो द्वारा एनएसए अजीत डोभाल से बात करने के बाद दोनों पक्ष संपर्क में हैं।

## सर्वदलीय बैठक के बाद बोले राहुल-खड़गे

# हम सरकार के साथ




नई दिल्ली-(आरएनएस)। केंद्र ने चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के बारे में प्रमुख राजनीतिक नेताओं को जानकारी देने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक खत्म हो चुकी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर और मंत्री जेपी नड्डा और निर्मला सीतारमण ने भाग लिया। सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमने सरकार को अपना पूरा समर्थन दिया है। जैसा कि मल्लिकार्जुन खड़गे जी ने कहा, उन्होंने (सरकार ने) कहा कि कुछ चीजें हैं जिन पर हम चर्चा नहीं करना चाहते हैं।

कांग्रेस सांसद और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बैठक में हमने सुना कि उन्हें (केंद्र को) क्या कहना था। उन्होंने यह भी कहा कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे के कारण कुछ गोपनीय जानकारी साझा नहीं कर सकते। हमने उनसे कहा कि हम सब सरकार के साथ हैं। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि हमारा रुख बिल्कुल साफ है। आतंकवाद को खत्म करने के लिए भारतीय सेना और सरकार जो भी कदम उठाती है, हम उसका समर्थन करते हैं। जहां तक सर्वदलीय बैठक का सवाल है, तो बेहतर होता कि प्रधानमंत्री उसमें होते।

आप सांसद संजय सिंह ने कहा ने पहले कहा कि बैठक में भारतीय सेना द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में हमें जानकारी दी जाएगी।

# भारत-पाक तनाव के बीच अमृतसर के गांव में मिसाइल का मलबा मिला, भारतीय सेना मौके पर पहुंची

अमृतसर-(आरएनएस)। आतंकी शिविरों और पाकिस्तान तथा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर लक्षित हमलों के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। इसी के बीच पंजाब के सीमावर्ती जिले अमृतसर के निवासियों में उस समय दहशत फैल गई, जब गुरुवार को रात करीब 1 बजे उन्होंने विस्फोटों की आवाज सुनी और आसमान में रोशनी चमकती देखी, जिसके बाद बिजली गुल हो गई। शहर के बाहरी इलाके जेठूवाल, माखन विंडी और पंधेर में सुबह खेतों से



मिसाइलों के मलबे बरामद किए गए।

सीमा क्षेत्र में जहां मिसाइल का मलबा मिला है, वहां सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी कर दी है। जंडियाला के एसएचओ हरचंद सिंह संधू ने बताया कि सूचना मिलने के बाद सेना के जवान मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा, मुझे ग्रामीणों से सूचना मिली और हम यहां पहुंचे। यह खेतों में मिला एक जिंदा विस्फोटक है। सेना यहां है और यह तय कर रही है कि इसे यहां से ले जाया जाएगा या यहीं निष्क्रिय किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि मलबा पाकिस्तान की ओर से आई मिसाइल का है। ग्रामीणों को वहां से हटाया जा रहा है।

गांव के निवासी प्रकाश सिंह ने कहा, चारों ओर दहशत का माहौल था। विस्फोट के बाद मिसाइल का एक हिस्सा जेठूवाल के एक खेत में गिर गया, जबकि मलबा घरों में भी बिखरा हुआ मिला। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी, जो मौके पर पहुंची और मलबा हटा लिया।

ये लगातार घटनाएँ पाकिस्तान के अंदर आतंकी ठिकानों पर भारत के लक्षित हमलों के बाद बढ़े तनाव की पृष्ठभूमि में हुई हैं। सूत्रों का कहना है कि खुफिया एजेंसियाँ आगे भी ड्रोन घुसपैठ, साइबर खतरों और सीमा पार से होने वाली दुर्घटनाओं के लिए हाई अलर्ट पर हैं।



उरी सेक्टर में सीमा पार से हुई गोलाबारी के बाद एक घायल नागरिक को जीएमसी बारामुल्ला में उपचार मिलता हुआ। गोलीबारी में कई नागरिक घायल हो गए।

# 'ऑपरेशन सिंदूर पर भी शक', शहजाद पूनावाला ने कहा- कांग्रेस ने किया सेना के मनोबल पर चोट करने का सबसे कुत्सित प्रयास

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के 9 ठिकानों को टारगेट करते हुए आतंकी समूहों पर एयरस्ट्राइक की है। इस पर कांग्रेस नेता जिग्नेश मेवानी के ट्वीट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। भाजपा ने इस पर निशाना साधते हुए कांग्रेस पार्टी की विचारधारा पर सवाल उठाए हैं।

गुजरात के वडगाम विधानसभा क्षेत्र के विधायक और राष्ट्रीय दलित अधिकार मंच के संयोजक जिग्नेश मेवाणी ने भारतीय सेना की एयरस्ट्राइक पर अपने 'एक्स' हैंडल से एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट में लिखा था, युद्धोन्मादियों, धार्मिक घृणा और फर्जी राष्ट्रवाद से लड़ो। आतंक भूख से मर जाएगा। पोस्ट में उन्होंने कैप्शन में यह भी पूछा था- क्या यह ठीक बात नहीं है?

इस पोस्ट पर तीखी प्रतिक्रियाएं आने के बाद मेवाणी ने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया। हालांकि भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस की विचारधारा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, कांग्रेस ने फिर से सबूत मांगे! पूरी दुनिया और खास तौर पर पाकिस्तान ने देखा है कि ऑपरेशन सिंदूर की बदौलत कैसे आतंक को मिट्टी में मिला दिया। पाकिस्तान के आतंकी शिविरों पर हमला हुआ और दर्द कांग्रेस को हुआ। देखिए कांग्रेस पाकिस्तान के आतंक के आधिकारिक कंटेंट क्रिएटर की तरह कैसे व्यवहार कर रही है और सेना पर शक कर रही है। कांग्रेस की ओर से सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भी शक!

शहजाद पूनावाला ने पोस्ट में एक वीडियो के जरिए भी कहा, भारतीय सेना ने आतंक के 9 ठिकानों को ध्वस्त करके चुन-चुनकर पहलगाम हमले का हिसाब लिया है। लेकिन कांग्रेस पार्टी इसकी सराहना करने के बजाए भारतीय सेना से इसका सबूत मांग रही है। कांग्रेस अपना असली चेहरा दिखा रही है। राशिद अल्वी पूछते हैं कि सभी आतंकवादी मारे गए या नहीं? उन्हें पाकिस्तान के टीवी चैनलों की वीडियो देख लेनी चाहिए। पाकिस्तान के अधिकारियों को सुन लेना चाहिए। कम से कम उन्हें पाकिस्तान पर तो यकीन करना चाहिए।

शहजाद पूनावाला ने कहा कि जिग्नेश मेवाणी ने भारतीय सेना को युद्धोन्मादी बताया है। कर्नाटक कांग्रेस का एक्स हैंडल भी भारतीय सेना के मनोबल को तोड़ने का प्रयास है।



जॉन अब्राहम की द डिप्लोमैट बहुत जल्द आपकी स्क्रीन पर आने वाली है। बॉक्स ऑफिस पर मुश्किलों का सामना करने के बाद यह फिल्म अपने बहुप्रतीक्षित ओटीटी डेब्यू के लिए तैयार है। पहले कई स्ट्रीमिंग साइट्स द्वारा खारिज किए जाने के बाद, द डिप्लोमैट का स्क्रीन पर आने का रास्ता अपने आप में एक दिलचस्प ड्रामा रहा है। रिलीज से पहले इसे एक जुआ माना जाता था, लेकिन फिल्म की अप्रत्याशित आलोचनात्मक सफलता और दर्शकों की प्रतिक्रिया ने अब स्थिति को उलट दिया है।

# कृति खरबंदा ने पिंक लुक में ढाया कहर, सोशल मीडिया पर मची हलचल

कृति खरबंदा ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर गुलाबी साड़ी में कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं, जिससे सोशल मीडिया पर हलचल मच गई। एक्ट्रेस हर अंदाज़ में बेहद ग्रेसफुल और एलिगेंट नज़र आईं, और उनकी दिल को छू लेने वाली कैप्शन ने इस पल को और भी खास बना दिया

फैंस ने उनकी तारीफों की बाढ़ ला दी, लेकिन सबसे यादा ध्यान खींचा उनके पति पुलकित सम्राट के प्यारे से कमेंट ने—प्रिटी खरबंदा।



इस सिंपल लेकिन दिल छू लेने वाले कमेंट ने फैंस का दिल जीत लिया और सभी उनकी बॉन्डिंग की तारीफ करने लगे।

मार्च 2024 में शादी के बंधन में बंधे ये कपल हाल ही में अपनी पहली वेडिंग एनिवर्सरी मना चुका है। प्यार, हँसी और एक-दूसरे के प्रोफेशनल सफर में दिए गए सपोर्ट से भरा उनका एक साल बेहद खास रहा है।

चाहे इवेंट्स में एक-दूसरे को सपोर्ट करना हो या सोशल मीडिया पर कैंडिड मोमेंट्स शेयर करना—कृति और पुलकित आज बॉलीवुड के सबसे क्यूट और पसंदीदा कपल्स में गिने जाते हैं।

उनकी लव स्टोरी आज भी दिलों को जीत रही है, और फैंस उनके ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन केमिस्ट्री के दीवाने हैं।

**बॉक्स ऑफिस पर केसरी 2 ने पार किया 80 करोड़ रुपये का आंकड़ा, जानिए कुल कारोबार**

अजय देवगन, आर माधवन और अनन्या पांडे जैसे सितारों से सजी फिल्म केसरी चैप्टर 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 17 दिन पूरे हो गए हैं और दर्शकों के बीच यह अपनी पकड़ मजबूत बनाए हुए है।

यह फिल्म 18 अप्रैल को रिलीज हुई थी और यह पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

वीकेंड पर फिल्म की कमाई में बढ़ोतरी देखने को मिली। आइए जानें केसरी 2 ने 17वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने अपनी रिलीज के 17वें दिन यानी तीसरे रविवार को 2.35 करोड़ रुपये कमाए। इसी के साथ भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 80.20 करोड़ रुपये हो गई है।

देश में ही नहीं, विदेश में भी फिल्म का डंका बज रहा है। दुनियाभर में इस फिल्म ने 120 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है।

## पलक तिवारी की रोमियो एस3 का पहला पोस्टर जारी, रिलीज तारीख से भी उठा पर्दा

गुड्डू धनोआ निर्देशित फिल्म 'रोमियो एस3' का पहला लुक पोस्टर सामने आया है। इस पोस्टर में बॉलीवुड में कुछ वक्त पहले ही शुरुआत करने वाली एक एक्ट्रेस नजर आ रही हैं। साथ ही फिल्म के पोस्टर से साफ लगता है कि यह एक एक्शन फिल्म होने वाली है। जानिए, इसके लीड एक्टर्स कौन हैं? और इसकी कहानी क्या है?

फिल्म 'रोमियो एस3' में पुलिस ऑफिसर के रोल में ठाकुर अनूप सिंह हैं और पलक तिवारी हीरोइन बनी हैं। यह फिल्म 16 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पलक तिवारी ने कुछ वक्त पहले ही अपना बॉलीवुड करियर शुरू किया है, वह टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी हैं। पलक ने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' की थी।

# रेड 2 की सफलता से वाणी कपूर बेहद खुश, बोलीं-ये सब सपने के सच होने जैसा

2018 की हिट फिल्म रेड का सीक्वल रेड 2 सिनेमाघरों में धमाल मचा रहा है। इसका जलवा बॉक्स ऑफिस पर साफ देखा जा सकता है। रविवार को फिल्म ने 70.50 करोड़ रुपये कमाए, जिससे यह 100 करोड़ क्लब की तरफ बढ़ती नजर आ रही है। फिल्म की कमाई से स्टार कास्ट काफी खुश है। वाणी कपूर भी! जिन्होंने मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाया है।



वाणी कपूर काफी खुश हैं कि उनकी फिल्म रेड 2 सिर्फ चार दिनों में बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हुई है। अभिनेत्री ने फिल्म की सफलता पर खुशी जताते हुए कहा, बॉक्स ऑफिस पर सफलता पाना खास अहसास होता है, जैसे कोई सपना सच हो रहा हो। जब आप ऐसी फिल्म का हिस्सा बनते हैं जो दर्शकों से जुड़ती है, तो यह देखकर काफी अच्छा लगता है। फिल्म को मिल रही प्रतिक्रिया दिल को छू लेने वाली है। मैं इस फिल्म का हिस्सा बनकर खुद को बेहद भाग्यशाली महसूस कर रही हूं। वाणी फिल्म में अपनी एक्टिंग के लिए चारों ओर से तारीफें बटोर रही हैं। उन्होंने कहा, इस फिल्म की कहानी बहुत दमदार है। निर्देशक राज कुमार गुप्ता के साथ इस प्रोजेक्ट पर काम करना मेरे लिए शानदार अनुभव रहा है। इस फिल्म से बहुत कुछ सीखने को मिला है। मेरे किरदार की सराहना के लिए आप सभी का धन्यवाद। रेड टू की अभिनेत्री ने आगे कहा, अजय देवगन सर और राज कुमार गुप्ता सर के साथ काम करके मैंने बहुत कुछ सीखा, जिससे मैं एक कलाकार के तौर पर और बेहतर बन पाई हूं। फिल्म की सफलता मेरे लिए बहुत मायने रखती है। दर्शकों से मिलने वाली प्रतिक्रिया मुझे मेहनत करने और लगातार बेहतर बनने के लिए प्रेरित करती है। फिल्म रेड 2 में अजय देवगन और वाणी कपूर के अलावा अमित सियाल, रितेश देशमुख, यशपाल शर्मा, सौरभ शुक्ला और सुप्रिया पाठक लीड रोल में हैं।

## सितारे जमीन पर की रिलीज डेट का हुआ ऐलान, आमिर खान का टीम संग फर्स्ट लुक आउट

आमिर खान की मोस्ट अवेटेड स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म सितारे जमीन पर का उनके फैंस को बेसब्री से इंतजार है. आमिर खान अपनी इस फिल्म पर कई बार बोल चुके हैं और इसलिए उनके फैंस इस फिल्म के इंतजार में बैठे हैं. ऐसे में आमिर ने अपने फैंस को ज्यादा इंतजार ना कराते हुए फिल्म सितारे जमीन पर की रिलीज डेट का आधिकारिक तौर पर एलान कर दिया है. आमिर खान प्रोडक्शन के सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज डेट और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया गया है. आमिर खान प्रोड्क्शन ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर इसकी जानकारी दी है. उन्होंने लिखा है, वो फिल्म जो प्यार, हंसी और खुशियों को सेलिब्रेट करती है, सितारे जमीन पर, सबका अपना-अपना नॉर्मल 20 जून 2025 को थिएटर में रिलीज होने जा रही है. फिल्म की रिलीज डेट के साथ फर्स्ट लुक पोस्टर भी जारी किया गया है, जिसमें आमिर खान अपनी बास्केट बॉल टीम के साथ बैठे हैं और पीछे उनकी टीम के खिलाड़ी अलग-अलग अंदाज में खड़े हैं. वहीं, पोस्टर में एक तस्वीर आमिर खान की ऊपर भी दिख रही है.

फिल्म को आर. एस प्रसन्ना ने डायरेक्ट किया है. फिल्म के प्रोड्यूसर आमिर खान और उनकी पूर्व पत्नी किरण राव है. यह फिल्म साल 2018 में आई स्पेनिश फिल्म चैंपियंस से ली गई है. फिल्म की सिनेमैटोग्राफी जी श्रीनिवस रेड्डी ने की है. फिल्म में शंकर-एहसान-लॉय का म्यूजिक है. फिल्म की भाषा हिंदी है. सितारे जमीन पर की मुख्य स्टारकास्ट आमिर खान और जेनेलिया डिसूजा हैं.

बता दें, सितारे जमीन पर का एलान अक्टूबर 2023 में हुआ था. वहीं, अप्रैल 2025 में फिल्म की प्रिंसिपल फोटोग्राफी हुई थी. फिल्म की शूटिंग मुंबई में शुरू हुई थी. इसके बाद दिल्ली और वडोदरा में फिल्म की शूटिंग हुई थी. जून 2024 में फिल्म की शूटिंग पूरी हुई थी.

# बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की रेड 2 ने मचाया धमाल, कमाई 70 करोड़ रुपये के पार

अजय देवगन की मचअवेटेड फिल्म रेड 2 साल की मच अवेटेड फिल्म थी. 1 मई को इस फिल्म ने सिनेमाघरों में दस्तक दी और कई फिल्मों से क्लैश होने के बावजूद इसने दमदार शुरुआत की थी. इसके बाद वीकेंड पर तो इसने धमाल मचा दिया और शानदार कमाई की. चलिए, जानते हैं रेड 2 ने चौथे दिन यानी संडे को कितना कलेक्शन किया है? साल 2018 की ब्लॉकबस्टर रेड के सीक्वल रेड 2 बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के पहले दिन से दमदार परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म से एक बार फिर अजय देवगन ने इनकम टैक्स ऑफिसर अमय पटनायक के किरदार में कमबैक किया है और अपनी दरदार एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत लिया है. फिल्म में भ्रष्ट नेता के किरदार में रितेश देशमुख की अदाकारी भी जबरदस्त है. फिल्म के डायलॉग्स पर भी थिएटर्स में खूब सीटियां बज रही हैं. ओवरऑल रेड 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है. इस फिल्म को देखन के लिए सिंनेमाघरों में दर्शक खींचे चले आ रहे हैं. इसी के साथ इसने दमदार कमाई भी कर ली है और वीकेंड पर तो इस पर नोटों की बारिश हुई है. फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो रेड 2 ने रिलीज के पहले दिन 19.25 करोड़ का कलेक्शन किया था. दूसरे दिन फिल्म ने 12 करोड़ की कमाई की. तीसरे दिन रेड 2 का कलेक्शन 18 करोड़ रहा, सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक रेड 2 ने रिलीज के चौथे दिन यानी संडे को 21.25 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ रेड 2 का चार दिनों का कुल कलेक्शन अब 70.50 करोड़ रुपये हो गया है.

रेड 2 रिलीज के पहले दिन से नए-नए रिकॉर्ड अपने नाम कर रही है. अपने ओपनिंग वीकेंड पर भी ये साल 2025 की चौथी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. रिपोर्ट के मुताबिक साल 2025 की ओपनिंग वीकेंड पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली ये टॉप 5 फिल्में हैं. रेड 2 बॉक्स ऑफिस पर गर्दा उड़ा रही है. संडे को तो इस फिल्म ने छप्परफाड़ कमाई की. दिलचस्प बात ये है कि इस समय सिनेमाघरों में साउथ की रेट्रो और हिट 3 के अलावा हॉलीवुड फिल्म थंडरबोल्ट्स भी लगी हुई हैं. वहीं केसरी 2 और जाट भी फिलहाल सिनेमाघरों में चल रही हैं. इन सभी के बीच रेड 2 सबसे ज्यादा कमाई कर रही है. इतना ही नहीं अजय देवगन स्टारर फिल्म ने महज रिलीज के चार दिनों में अपने बजट से ज्यादा कमाई कर ली है. बता दें कि रेड 2 की लागत 48 करोड़ रुपये बताई जा रही है और इसने चार दिन में 70 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है. अब ये 100 करोड़ की ओर बढ़ रही है. फिल्म की कमाई की रफ्तार देखते हुए उम्मीद है की अपने पहले हफ्ते में ही ये फिल्म शतक जड़ देगी. राजकुमार गुप्ता द्वारा निर्देशित रेड 2 में अजय देवगन, रितेश देशमुख, वाणी कपूर और सौरभ शुक्ला ने मुख्य भूमिकाएँ निभाई हैं. अजय अब जल्द ही रितेश देशमुख, जावेद जाफ़री और अरशद वारसी के साथ धमाल 4 में नज़र आएंगे।

## भूल चूक माफ का बोनस ट्रेलर लॉन्च, शादी के लिए सरकारी नौकरी ढूंढ़ते दिखे राजकुमार राव

हाल ही में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की बहुचर्चित फिल्म भूल चूक माफ का बोनस ट्रेलर निर्माताओं द्वारा रिलीज किया गया है, जो दर्शकों के लिए एक तोहफा है। इस ट्रेलर में अभिनेता अपनी शादी के लिए तमाम उपायों को करते नजर आ रहे हैं और वह अपनी हल्दी की ही रश्म में फंसे दिख रहे हैं। भूल चूक माफ फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों को तोहफा देते हुए फिल्म का बोनस ट्रेलर लॉन्च किया है। एक मिनट 21 सेकेंड के इस बोनस ट्रेलर की शुरुआत में वामिका शादी के लिए राजकुमार राव को भगा लाती हैं। इसके बाद ट्रेलर में राजकुमार राव शादी करने के लिए तमाम उपायों को करते नजर आते हैं, जैसे सरकारी नौकरी खोजना, गाय को रोटी के साथ गुड़ खिलाना आदि। इसके साथ ही वह ट्रेलर में दो दिनों से हल्दी की रस्म में ही फंसे हुए हैं। इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म के बोनस ट्रेलर में हंसी का डोज भरपूर है।

# महिलाओं में मधुमेह के जोखिम कम कर सकती है ब्लैक कॉफी, अध्ययन में हुआ खुलासा

कई लोग अपने दिन की शुरूआत ब्लैक कॉफी से करते हैं क्योंकि उनका मानना है कि यह भरपूर ऊर्जा देने के साथ कई अन्य लाभ दे सकती है।

वहीं एक नए अध्ययन से पता चला है कि रोजाना एक कप ब्लैक कॉफी पीने से महिलाओं में मधुमेह के जोखिम कम हो सकते है। इसलिए इसे डाइट में जरूर शामिल करना चाहिए।

आइए इस अध्ययन के बारे में विस्तार से जानते हैं।

7,000 से ज्यादा लोगों पर किया गया अध्ययन

एक हालिया अध्ययन के अनुसार, ब्लैक कॉफी का सेवन न केवल ताजगी प्रदान कर सकता है बल्कि इससे इंसुलिन संवेदनशीलता भी सुधरती है, खासकर महिलाओं में।

साल 2019 से 2021 के कोरिया नेशनल हेल्थ एंड न्यूट्रिशन एग्जामिनेशन सर्वे के डेटा का इस्तेमाल करके किए गए इस अध्ययन में 7,000 से ज्यादा कोरियाई वयस्कों के बीच कॉफी की खपत और ग्लूकोज मेटाबॉलिज्म के स्तर के बीच संबंधों का विश्लेषण किया गया।

इस तरह से ब्लैक कॉफी का असर आया सामने इस अध्ययन के लिए प्रतिभागियों ने 24 घंटे की अवधि में अपनी



कॉफी की खपत और कॉफी के प्रकार के बारे में बताया। इसके बाद शोधकर्ताओं ने कहा, हमारे निष्कर्षों से पता चलता है कि रोजाना दो या अधिक कप ब्लैक कॉफी का सेवन कोरियाई महिलाओं में इंसुलिन रेजिस्टेंस से विपरीत रूप से जुड़ा हुआ है।

अध्ययन के परिणामों ने ब्लैक कॉफी की खपत और ग्लूकोज मेटाबॉलिक के बेहतर स्तर के बीच जरूरी संबंध का संकेत दिया।

ब्लैक कॉफी इंसुलिन संवेदनशीलता को सुधारने में कर सकती है मदद- शोधकर्ता

शोधकर्ताओं का कहना है कि जिन महिलाओं ने ब्लैक कॉफी पी थी, उनमें बेहतर इंसुलिन संवेदनशीलता और कम इंसुलिन रजिस्टेंस सामने आया।

उन्होंने आगे कहा, इन निष्कर्षों से पता चलता है कि ब्लैक कॉफी मेटाबॉलिक स्वास्थ्य को बढ़ाने में भूमिका निभा सकती है, खासतौर से महिलाओं में।

बता दें कि इंसुलिन संवेदनशीलता इस बात पर निर्भर करती है कि आपका शरीर इंसुलिन के प्रति कितनी अच्छी तरह प्रतिक्रिया करता है।

ब्लैक कॉफी का अधिक सेवन करने से बचें- शोधकर्ता

शोधकर्ताओं ने बताया कि जब इंसुलिन संवेदनशीलता अधिक होती है तो शरीर अच्छे से काम करता है, जिससे खून में शर्करा का स्तर भी नियंत्रण में रहता है और टाइप 2 मधुमेह होने की संभावना कम हो जाती है। उन्होंने आगे कहा कि ब्लैक कॉफी पीना लाभदायक है, लेकिन इसका अधिक सेवन करने से बचें क्योंकि इसकी अधिकता नुकसान का कारण बन सकती है। इससे नींद खराब हो सकती है या बेचैनी महसूस हो सकती है।

# सही फाउंडेशन चुनने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके, त्वचा पर लगेगा सही और खूबसूरत

फाउंडेशन मेकअप का एक अहम हिस्सा है। सही फाउंडेशन का चयन करने से आपका चेहरा निखरा हुआ और चमकदार दिखता है, लेकिन अक्सर महिलाएं सही शेड चुनने में गलती कर देती हैं, जिससे उनका मेकअप बिगड़ सकता है।

इस लेख में हम आपको कुछ आसान और असरदार टिप्स देंगे, जिनकी मदद से आप अपने लिए सही फाउंडेशन शेड चुन सकती हैं और अपने चेहरे को बेहतरीन लुक दे सकती हैं।



अपनी त्वचा की रंगत समझें

फाउंडेशन खरीदने से पहले अपनी त्वचा की रंगत को समझना बहुत जरूरी है। त्वचा की रंगत तीन प्रकार (गर्म, ठंडी और सामान्य) की होती है। गर्म रंगत वाली महिलाओं को पीच या ऑरेंज बेस वाले फाउंडेशन शेड्स अच्छे लगते हैं, जबकि ठंडी रंगत वाली महिलाओं को पिंक या ब्लू बेस वाले फाउंडेशन शेड्स पसंद आते हैं। सामान्य रंगत वाली महिलाओं के लिए किसी भी बेस वाला फाउंडेशन शेड अच्छा रहता है।

प्राकृतिक रोशनी में देखें

फाउंडेशन खरीदते समय हमेशा उसे प्राकृतिक रोशनी में देखकर ही चुनें। दुकान के अंदर की रोशनी में फाउंडेशन का रंग अलग दिख सकता है इसलिए इसे प्राकृतिक रोशनी में देखकर ही तय करें कि कौन सा शेड आपके लिए सही रहेगा। अपने हाथ पर थोड़ा-सा फाउंडेशन लगाकर देखें और देखें कि वह आपके चेहरे के साथ कैसा दिखता है। इससे आपको सही अंदाजा होगा कि कौन सा शेड आपके लिए उपयुक्त रहेगा।

हाथ पर आजमाएं

फाउंडेशन का शेड चुनते समय अपने हाथ पर आजमाना भी अहम होता है।

अपने हाथ की त्वचा चेहरे से थोड़ी हल्की होती है इसलिए हाथ पर फाउंडेशन लगाने से पहले थोड़ा-सा आजमाएं ताकि आपको पता चल सके कि कौन सा शेड आपके लिए सही रहेगा।

इसे अपने गले या गर्दन पर भी लगा सकते हैं ताकि आपको सही अंदाजा हो सके कि फाउंडेशन आपके चेहरे के साथ कैसा लगेगा।

मौसम का ध्यान रखें

मौसम भी फाउंडेशन चुनने में अहम भूमिका निभाता है।

गर्मियों में हल्का और पानी जैसा फाउंडेशन बेहतर रहता है क्योंकि यह त्वचा को आराम देता है और लंबे समय तक टिकता है।

सर्दियों में भारी और मॉइस्चराइजिंग फाउंडेशन अच्छा रहता है क्योंकि यह त्वचा को नमी देता है और सूखने से बचाता है।

इसके अलावा मौसम के अनुसार फाउंडेशन का शेड भी बदल सकता है, इसलिए हर मौसम के हिसाब से अपने फाउंडेशन का चयन करें।

अपनी त्वचा के प्रकार को ध्यान में रखें

आपकी त्वचा का प्रकार भी यह तय करता है कि आपको कौन सा फाउंडेशन चुनना चाहिए।

अगर आपकी त्वचा तैलीय प्रकार की होती है तो मैट फिनिश वाला फाउंडेशन अच्छा रहेगा जिससे अतिरिक्त तेल कंट्रोल रहेगा।

## शब्द सामर्थ्य -040

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. डर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 039 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना अधारताल में रामगोपाल वर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम बंडोखर तहसील सिरमोर वर्तमान पता खजरी खिरिया बाईपास अधारताल ने लिखित शिकायत की कि जबलपुर से पनागर खजरी बाईपास होते हुये जा रहा था खजरी बाईपास चौराहे से लगभग आधा कि.मी. आगे वह अपनी गाड़ी पिकअप एमपी 17 जी 2146 को लेकर पहुंचा सामने से 2 व्यक्ति बिना नबर की बाईक से आये और उसे रूकने को कहा वह नहीं रूका, वे लोग उसकी गाडी के आगे वाहन लगाकर अपने को श्रीराम फायनेस का सीजर बताकर गालीगलौज करते हुये



# गरुड़ दल ने आज कई खाद्य प्रतिष्ठानों में जांच कर की कार्यवाही







जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर दीपक सक्सेना के पनीर एवं एनालॉग पनीर पर कार्रवाई करने के निर्देश पर गरुड़ दल पनागर के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम द्वारा आज बुधवार एवं गुरुवार को लगातार कार्रवाई करते हुए रांझी, कांचघर, समदडिया ग्रीन सिटी, विजयनगर, करोंदानाला, पनागर आदि विभिन्न स्थानों के रेस्टोरेंट, होटल, डेयरियों की जांच की गई। मौके पर पनीर के स्थान पर एनालॉग पनीर होने की जांच आयोडीन किट के माध्यम से मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब के केमिस्ट सौरभ गौतम द्वारा मौके पर ही की गई। समस्त व्यवसाईयों को आयोडीन टिंचर से जांच उपरांत ही पनीर क्रय करने के निर्देश दिए। साथ ही एनालॉग पनीर की खाद्य सामग्री निर्माण करने पर उनके मेनू में एनालॉग पनीर उपयोग करने संबंधी लिखित घोषणा करने केनिर्देश उपभोक्ताओं को सुनिश्चित कराने के लिए रेस्टोरेंट, होटल को मेनू कार्ड में उल्लेख करने के निर्देश दिए। रेस्टोरेंट, होटल, डेयरी संचालकों से पनीर की आपूर्ति स्थलों की जानकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संग्रहित की गई।

कलेक्टर श्री दीपक सक्सेना द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि शहर में एनालॉग पनीर को पनीर के नाम पर विक्रय नहीं किया जावेगा। यदि एनालॉग पनीर का उपयोग किया जा रहा है, तो इसका स्पष्ट डिस्क्लोजर किए जाने की जवाबदेही खाद्य कारोबारकर्ता की होगी अन्यथा की स्थिति में ऐसा करते पाए जाने पर जप्तीज एवं विनष्टीकरण की कार्रवाई मौके पर ही दल द्वारा की जावेगी। उक्त कार्रवाई के तारतम में नायब तहसीलदार प्रजीत बांसोड़ के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा स्थित दीनदयाल चौराहा स्थित शारदा भोजनालय से पनीर, दही, समदड़िया ग्रीन सिटी स्थित नेक्स्ट डोर कैफे से कोल्डड्रिंक्स,रांझी स्थित लक्ष्मी डेयरी से पनीर, नर्मदा डेयरी कांचघर दही व पनीर के नमूने संगीत किया इसके अतिरिक्त एक दर्जन से अधिक संस्थानों में निरीक्षण कर उपयोग किया जा रहे पनीर का प्राथमिक परीक्षण आयोडीन टिंचर की मदद से किया गया। निरीक्षण के दौरान गढ़ा स्थित शिवानी डेयरी के दही में आयोडीन परीक्षण पर नीला रंग आने पर उसका रेगुलेटरी नमूना लिया एवं संस्थान में संग्रहित लगभग 10 किलोग्राम दही को विनष्टीकरण कराया गया।

गुरुवार को टीम द्वारा करोदानाला स्थित मदर डेयरी से पनीर दही खोवा के नमूने संग्रहित किये। अस्वास्थ्यकर व अस्वच्छकर परिस्थितियों में दही निर्माण करते पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। परियट स्थित श्री राम डेयरी एवं दुग्ध संकलन केंद्र से सपरेटा दही के नमूने एकत्रित किए। हाईवे स्थित होटल ढाबों पर सस्ता पनीर प्रयुक्त होने की सूचना पर नेशनल हाईवे पनागर स्थित होटल रूद्राक्ष फैमिली रेस्टोरेंट से पनीर, रजवाड़ा फैमिली रेस्टोरेंट से पनीर के नमूने एकत्रित किए। पनीर निर्माण संग्रहण एवं विक्रय में स्वच्छता संबंधी विशेष सावधानी रखने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि लाइसेंस प्रदर्शित न करने, फूड सेफ्टी डिस्पले बोर्ड का प्रदर्शन न होने पर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे। सभी नमूनों को राज्य खाद्य प्रयोगशाला जांच हेतु भोपाल भेजा जाएगा। जांच में खाद्य सामग्री के नमूने अमानक पाए जाने पर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत नियमानुसार प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

# 8 मई विश्व रेडक्रास दिवस पर स्वास्थ्य शिविरों का हुआ आयोजन





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विश्व रेडक्रास दिवस के उपलक्ष्य में जिले में वृद्धाश्रम बाजनामठ में रेडक्रास द्वारा स्वापस्य्शि शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान वृद्धाश्रम में निवासरत् अंत:वासियों का स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत ब्लड प्रेशर, शुगर, नेत्र आदि की जॉच कर देवजी नेत्रालय के चिकित्सक एवं आयुष विभाग की टीम द्वारा दवाईयाँ वितरित की गई। आयोजित कार्यक्रम में श्री आशीष दीक्षित, सचिव, इंडियन रेडक्रास सोसायटी, डॉ. सुनील मिश्रा, राज्य स्तरीय प्रबंध समिति सदस्य, श्री नीरज वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य, श्री सुशील मिश्रा, कार्यकारिणी सदस्य, श्री नरेश ग्रोवर, कार्यकारिणी सदस्य, श्री हेमंत मोढ़, कार्यकारिणी सदस्य एवं श्री सुनील गर्ग, कार्यकारिणी सदस्य द्वारा संस्थापक सर हेनरी ड्युनाट् के चित्र में दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया गया। इंडियन रेडक्रास उपरोक्त कार्यक्रम में इंडियन रेडक्रास सोसायटी, जबलपुर से श्री संदीप मिश्रा, श्रीमती रेवेन्दु सिंह, श्री विजय सिंह ठाकुर, श्री विक्रम सिंह पटेल, श्री विपिन शर्मा, श्री संतोष सेन, जलील अहमद का सराहनीय सहयोग रहा। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर थैलेसिमिया बीमारी से पीड़ित बच्चों के सहायतार्थ सुविधा हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर जबलपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 21 यूनिट रक्त जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक टीम द्वारा रक्त संग्रहित किया गया।

**पूर्व में कार्यवाही के सम्बंध में दिये गये निर्देशों की समीक्षा कर अपेक्षित कार्यवाही के सम्बंध में दिये आवश्यक दिशा निर्देश**

# पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय ने ली अपराध समीक्षा बैठक

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। विवेचना में लंबित गम्भीर अपराधों एवं धोखाधड़ी के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा करते हुये निकाल के सम्बंध मे दिये आवश्यक दिशा निर्देश कहा गम्भीर अपराध जिनमें आरोपी फरार हैं में फरार आरोपियों पर करायें ईनाम उद्घोषित तथा पतासाजी कर शीघ्र करें गिरफ्तारी लंबित सम्पत्ति सम्बंधी अपराधों में पतासाजी कर शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गयी सम्पत्ति की करें बरामदगी सक्रीय गुण्डा बदमाश एवं चाकूबाजों पर करें प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही संवेदनशील क्षेत्र एवंकालोनी एरिया चिन्हित करते हुये लगवायें और अधिक सीसीटीव्ही कैमरे, थाने में मिनी कन्ट्रोल रूम बनाते हुये चिन्हित स्थानों पर रखें सतत् निगाह पुलिस अधीक्षक जबलपुर श्री सम्पत उपाध्याय (भा.पु.से.) द्वारा पुलिस कन्ट्रोलरूम में आज दिनॉक 8-05-2025 को दोपहर 1 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर श्री आनंद कलादगी (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस जोन-2 श्री समर वर्मा की उपस्थिति में अपराध समीक्षा बैठक ली गयी। बैठक में समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक में आपके द्वारा त्रिवार्षिक तुलनात्मक भा.द.वि/बी.एन.एस. तथा प्रतिबंधात्मक एवं माईनर एक्ट की विस्तार से समीक्षा की गयी।

आपके द्वारा थानावार लंबित गम्भीर अपराध हत्या एवं हत्या के प्रयास, लूट, झपटमारी, नकबजनी एवं एस.सी.एस.टी. एक्ट, धोखाधड़ी तथा महिला सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा की गयी एवं लंबित अपराधों कें निराकरण के सम्बंध मे आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । घारा 173 (8) एवं 299 जा.फौ. के प्रकरणों की समीक्षा करते हुये आदेशित किया गया कि फरार आरोपियों पर ईनाम उद्घोषित करायें तथा पतासाजी कर शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी करते हुए प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निकाल करायें ।

लंबित सम्पत्ति सम्बंधी अपराधों की विस्तार से समीक्षा करते हुये लंबित सम्पत्ति सम्बंधी अपराधों में पतासाजी कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गयी सम्पत्ति की बरामदगी हेतु आदेशित किया।

# जल संरक्षण के लिए जिले में आयोजित हो रहे अनेक कार्य





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आवाहन पर जल गंगा संवर्द्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत जल संरक्षण, जल स्त्रो तों के संरक्षण, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के जल स्रोतों के चिन्हांकन एवं उनके संरक्षण के लिए वातावरण निर्माण किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नियमित रूप से विविध आयामों पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

जल संरक्षण के लिए गंगासागर तालाब में नवांकुर संस्थान व्हाइट टाइगर्स समाज सेवी संस्था एवं वेणु पांडुरंगा सेवा न्यास के संयुक्त तत्वाधान में गंगासागर तालाब आमनपुर घाट पर श्रमदान एवं स्वच्छता, पॉलिथीन मुक्त अभियान चलाया गया। घाट को पूर्ण रूप से जलकुंभी एवं पॉलीथिन मुक्त किया गया। श्रमदान कार्यक्रम में स्थानीय जन समुदाय एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ ही विकास खंड समन्वयक विनायक राव वडनेरकर,नवांकुर संस्था अध्यक्ष डॉ नितेश कुमार पांडेय, परामर्शदाता डॉ अमित पांडेय, श्री प्रकाश बिस्पुते, श्री प्रशांत बिस्पुते, परामर्शदाता विजय खरे, राजेंद्र साहू, बसंत चेलानी, राकेश कुमार सिंह, राजेंद्र गावंडे, श्रीमती पुष्पलता विश्वकर्मा, डॉ कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, रीता शिंदे, प्यारेलाल राय संदीप गुप्ता विनीता पटेल की सहभागिता रही। इसी प्रकार विकास खण्ड पनागर के प्रस्फुटन ग्राम गुड़गवा में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मंगेला द्वारा जन सहभागिता से जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सोक पिट गड्ढे में नल के आस पास की सफाई की गई एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम वासियों को जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण के विषय मे संगोष्ठी के माध्यम से जानकारी दी गई जल ही जीवन है, जल है तो कल है का संदेश दिया गया हैं। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण जनो को जल बचाओ की शपथ दिलाई गई। अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत गुड़गवां सरपंच योगिता कुर्मी, ग्राम पंचायत सचिव मनोज तिवारी, नवांकुर संस्था सेक्टर प्रभारी अजय पटेल, बीएसडब्लू, एमएसडब्लू के छात्र छात्राओं एवं समिति सदस्य और ग्रामीण जन कार्यक्रम में उपस्थित रहे। विकास खण्ड कुंडेश्वर में नवांकुर संस्था जीवन शैली महिला मंडल द्वारा जन समुदाय को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से प्रेरित कर अभियान का प्रचार-प्रसार किया

## ई-केवायसी में ढिलाई बरतने वाले राशन विक्रेताओं पर तीन-तीन हजार रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण संचालनालय, भोपाल द्वारा एनएफएसए अन्तर्गत सम्मिलित समस्त पात्र हितग्राहियों की ई-केवायसी करने के निर्देश जारी किए है। ई-केवायसी कराने से शेष हितग्राहियों को अवसर देते हुए शासन ने इसकी तिथि बढ़ाकर 15 मई कर दी गई है। जिला आपूर्ति नियंत्रक श्रीमती नुजहत बकाई ने बताया कि ई-केवायसी करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

साथ ही कहा कि इस संबंध में जिले में जिन शासकीय उचित मूल्य दुकानों द्वारा बहुत कम संख्या में ई-केवायसी की गई है, उनके विरुद्ध सहायक आपूर्ति अधिकारी, श्री संजय खरे द्वारा म.प्र. सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2015 के अंतर्गत प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत किये गये थे।

जिसके आधार पर राशन दुकान के विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। विक्रेताओं द्वारा प्रस्तुत जवाब समाधानकारक न होने के कारण उन्होंसने राशन दुकान क्रमांक 3316175, 3316176, 3316225, 3316226, 3316268, 3316270, 3316279, 3316284, 3316288, 3316307, 3316322, 3316436 एवं 3316438 की जमा प्रतिभूति राशि में से तीन-तीन हजार रुपये राजसात किये गये है। उन्हों ने विक्रेताओं को चेतावनी दी है कि वे 3 दिवस में 90 प्रतिशत हितग्राहियों की ई-केवायसी पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनकी दुकान निलंबित करने की कार्रवाई की जावेगी।

## डेला रिसॉर्ट्र्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ की थीम वाली मेगा टाउनशिप के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ मिलकर काम किया

**इस परियोजना के साथ, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर रियल एस्टेट में एक नया परिसंपत्ति वर्ग पेश करेगा, जो आरई निवेश पर 9%तक का रिटर्न देने के लिए तैयार है**

मुंबई (आरएनएस) भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में अपनी तरह के पहले कदम के तहत, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता वाली एक ऐतिहासिक, रेसकोर्स थीम वाली मेगा टाउनशिप शुरू करने के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ एक मालिकाना CDDMOTMमॉडल में प्रवेश किया है। थीम आधारित आतिथ्य संचालित मॉडल रियल एस्टेट में एक नए निवेश वर्ग को खोलता है जिसमें 9त्न तक ऋह्लढ्ढ प्राप्त करने की क्षमता है। यह मॉडल सुनिश्चित करता है कि मूल्य प्रस्ताव रियल एस्टेट से कहीं आगे तक फैला हुआ है, एक क्यूरेटेड लाइफस्टाइल इकोसिस्टम बनाता है जो बेजोड़ विलासिता, समुदाय और अनुभवात्मक आतिथ्य को मिलाता है।

पुणे के तेजी से विकसित हो रहे उत्तरी हिंजेवाड़ी में 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले इस टाउनशिप में 8 एकड़ का रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब, 128 निजी विला प्लॉट, 112 रिसॉर्ट निजी निवास, 300 चाबियों वाला 5-सितारा लक्जरी रिसॉर्ट, 9 विवाह स्थल स्थल, 12 कॉर्पोरेट और एमआईसीई स्थल, एक्सट्रीम एडवेंचर पार्क, डेला रेंज गोल्फ, स्वास्थ्य सुविधाएं और डेला की विशिष्ट डिजाइन संवेदनाओं द्वारा संचालित अनुभवात्मक स्थान शामिल होंगे। टाउनशिप की समकालीन जैविक और ब्रिटिश औपनिवेशिक वास्तुकला और डिजाइन शैली घर के मालिकों और निवेशकों की नई पीढ़ी की सौंदर्य संबंधी प्राथमिकताओं के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है जो अनुभवात्मक जीवन, स्थिर रिटर्न और दीर्घकालिक परिसंपत्ति विकास को महत्व देते हैं।

इस विकास के पीछे दूरदर्शी, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर के संस्थापक और अध्यक्ष, जिमी मिस्त्री ने कहा, यह सिर्फ एक और टाउनशिप नहीं है - यह भारत में पहले कभी नहीं देखे गए रियल एस्टेट मॉडल का जन्म है। हमारे दृष्टिकोण के साथ, हम रियल एस्टेट को एक उत्पाद से एक अनुभव में बदल रहे हैं, और एक स्थिर संपत्ति से एक गतिशील, उपज-उत्पादक निवेश में बदल रहे हैं।

# त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस में हथियारों का जखीरा पकड़ा गया







**आरपीएफ ने 8 देसी पिस्तौल और 16 मैगजीन बरामद किये**

अगरतला। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 14620) में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हथियारों की तस्करी की कोशिश को नाकाम कर दिया। बदरपुर से अगरतला के बीच सफर के दौरान, आरपीएफ की ट्रेन एस्कॉर्ट टीम ने जनरल कोच की तलाशी के दौरान दो संदिग्ध पिट्ठू बैग जब्त किए, जिनमें से 8 हस्तनिर्मित देसी पिस्तौल और 16 मैगजीन बरामद किया। आरपीएफ अधिकारियों के अनुसार, अगरतला पोस्ट के सुरक्षा कर्मी वर्तमान सुरक्षा स्थिति को देखते हुए गहन निगरानी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान जनरल कोच की ऊपरी सीट पर छोड़े गए दो बैगों की जांच की गई। बैगों में भूरे रंग के सेलो टेप में लिपटे हथियार पाए गए।

बरामद हथियारों को आरपीएफ पोस्ट अगरतला में जमा कर आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया है। मामले की जांच जीआरपी अगरतला ने शुरू कर दी है, और अधिकारियों के अनुसार, इस पर जल्द ही विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी।




जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना हनुमानताल में सोयेब खान उम्र 38 वर्ष निवासी छोटी मदार टेकरी ने रिपोर्ट दर्ज करयी कि वैल्डिंग का काम करता है। आज रात 1 बजे घर के पास खडा था तभी उबेश कुरैशी एक्सिस से आया एंव उसे धक्का दिया जिससे कहा कहा कैसी गाडी चला रहा है इसी बात पर उबेश गालीगलौज कर चाकू से हमला कर गाल में चोट पहुचां दिया एवं जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 296, 118( 2 )351( 2 ) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश जारी है।

# झारखंड और छत्तीसगढ़ से आकर जबलपुर में कर रहे थे सट्टेबाजी, क्राइम ब्रांच और ग्वारीघाट पुलिस ने दबोचा

## एलसीडी टीव्ही, 12 नग मोबाइल, 2 लेपटाप, 9 डेविड कार्ड आदि जप्त

जबलपुर। एमपी के जबलपुर में ग्वारीघाट रोड पर वीएमडब्ल्यू आफिस के सामने अपार्टमेंट में ऑन-लाइन क्रिकेट सट्टा खिला रहे 5 सटोरियों को को पुलिस ने दबिश देकर पक ड़ा है। पुलिस ने सटोरियों के कब्जे से एलसीडी टीव्ही, 12 नग मोबाइल, 2 लेपटाप, 9 डेविड कार्ड सहित लाखों रुपए का हिसाब जब्त किया है। पकड़े गए पांच सटोरियों में एक युवक झारखंड व चार छत्तीसगढ़ के दुर्ग व भिलाई के रहने वाले है।

इस संबंध में ग्वारीघाट थानाप्रभारी सुभाषचंद्र बघेल ने बताया कि वीएमडब्ल्यू आफिस के सामने स्थित अपार्टमेंट के फ्लेट नम्बर 604 की गैलरी में कुछ लोग मोबाइल लेपटॉप से इंटरनेट का प्रयोग कर अवैध रूप से क्रिकेट मैच पर आनलाईन सट्टा खिला रहे है। इस बात की खबर मिलते ही थाना एवं क्राईम ब्रांच की संयुक्त टीम ने दबिश दी।

पुलिस को देखते ही सटोरियों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए लक्की सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी कीरूबुरू प्रोसपोक्टिंग तपकोटा पश्चिम सिंह भूम थाना गुलपुरी जिला जमसेदपुर झारखण्ड , मनोज कुमार रेड्डी उम्र 26 वर्ष निवासी बालाजी नगर खुर्शीपार जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, प्रिंस जैयसवाल उम्र 25 वर्ष निवासी शहीद भगवत सिंह मार्ग जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, जगप्रीत उर्फ जस्सी उम्र 24 वर्ष निवासी रामनगर भिलाई दुर्ग छत्तीसगढ़ , विवेकानंद शास्त्री उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 16 नजदीक सन राईस स्कूल सुंदर बिहार कालोनी जामुल जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ को पकड़ा है। सटोरियों के कब्जे से पुलिस ने 2 लेपटाप (लेनेवो एवं वन प्लस कम्पनी), विभिन्न कम्पनियों के 12 नग मोबाइल, 9 डेबिड कार्ड, 2 मोडेम, 1 हेड फोन, 1 राउटर, 3 सिम कार्ड, 1 पावर बैंक बरामद किया है। सटोरियों के लेपटाप एवं मोबाइलों का चैक करने पर कई सट्टा खेलने वाले व्यक्तियों के द्वारा मोबाइल पर आनलाईन ट्रांजेक्शन तथा विभिन्न व्हाटसएप चैट जिनमें सट्टा खिलाने के एवज में पैसे दिये जाने की चेटिंग मिली है। सटोरियों को पकडने् में थाना ग्वारीघाट के एसआई उमंग अग्रवाल, प्रधान आरक्षक योगेन्द्र पटैल, अपराध थाना प्रभारी शैलेष मिश्रा के निर्देशन में क्राईम ब्रांच के एएसआई संतोष पाण्डे, प्रधान आरक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, आनंद तिवारी, आरक्षक जयप्रकाश तिवारी, आशुतोष बघेल की सराहनीय भूमिका रही।



**ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से चला रहे थे सट्टा कारोबार**

गिरफ्तार आरोपियों में लकी सिंह निवासी सिंहभूम (जमशेदपुर, झारखंड), मनोज कुमार रेड्डु निवासी खुशीपार (दुर्ग, छत्तीसगढ़), प्रिंस जयसवाल निवासी नंदिनी (दुर्ग, छत्तीसगढ़), जगप्रीत उर्फ जस्सी निवासी भिलाई (छत्तीसगढ़), और विवेकानंद शास्त्री निवासी किला दुर्ग (छत्तीसगढ़) शामिल हैं। ये सभी आरोपी ग्वारीघाट क्षेत्र में किराए पर रहकर ऑनलाइन सट्टा चला रहे थे।

**मौके से जब्त हुए मोबाइल, लैपटॉप और डेबिट कार्ड**

पुलिस ने दबिश के दौरान आरोपियों के पास से दो लैपटॉप, कई महंगे मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड और अन्य डिजिटल सामग्री जब्त की है। ये सभी उपकरण सट्टेबाजी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। आरोपियों के खिलाफ ग्वारीघाट थाना में जुआ-सट्टा एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

**पूरे प्रदेश में फैला हुआ था गिरोह का नेटवर्क**

पुलिस के अनुसार, ये सटोरिए मध्यप्रदेश के अलावा देश के अन्य राज्यों में भी ऑनलाइन सट्टा संचालन करते थे। यह गिरोह व्हाट्सएप के जरिए सट्टा ग्राहकों से संपर्क कर उनसे आईडी-पासवर्ड की मांग करता और फिर वेबसाइट के माध्यम से सट्टा खिला जाता था।

इस गिरोह को पकड़ने में क्राइम ब्रांच निरीक्षक शैलेष मिश्रा के नेतृत्व में एएसआई संतोष पांडे, आनंद तिवारी, अरविंद श्रीवास्तव, योगेंद्र पटेल, अशोक यादव सहित टीम के अन्य सदस्यों की अहम भूमिका रही। एसपी सम्पत उपाध्याय द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत सट्टा-जुआ के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई की गई।

**मार्च 2024 में भी पकड़े गए थे छग के सटोरिए**

इससे पहले मार्च 2024 में भी पुलिस ने ललपुर रोड स्थित मुखसागर लाइफ स्टाइल अपार्टमेंट की पार्किंग से सट्टा करते हुए 11 लोगों को पकड़ा था। उन आरोपियों ने पूछताछ में बताया था कि वे व्हाट्सएप पर आईडी-पासवर्ड देकर ग्राहकों से सट्टा खिलाते थे और हर महीने 15 से 20 हजार रुपए मेहनताना दीपेश नामक व्यक्ति से लेते थे। बाद में पुलिस ने शिवहरे अपार्टमेंट से दबिश देकर दीपेश को भी गिरफ्तार किया था।

**सख्त निगरानी और कार्रवाई के निर्देश**

एसपी सम्पत उपाध्याय ने सभी थाना प्रभारियों और क्राइम ब्रांच को ऑनलाइन सट्टेबाजी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस लगातार ऐसे गिरोहों की निगरानी कर रही है जो शहर में बाहर से आकर अवैध गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

**पुलिस गिरफ्त में सटोरिए-**

-लक्की सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी कीरूबुरू प्रोसपोक्टिंग तपकोटा पश्चिम सिंह भूम थाना गुलपुरी जिला जमसेदपुर झारखण्ड

-मनोज कुमार रेड्डी उम्र 26 वर्ष निवासी बालाजी नगर खुर्शीपार जिला दुर्ग छत्तीसगढ़

-प्रिंस जैयसवाल उम्र 25 वर्ष निवासी शहीद भगवत सिंह मार्ग जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ -जगप्रीत उर्फ जस्सी उम्र 24 वर्ष निवासी रामनगर भिलाई दुर्ग छत्तीसगढ़ , -विवेकानंद शास्त्री उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 16 नजदीक सन राईस स्कूल सुंदर बिहार कालोनी जामुल जिला दुर्ग छत्तीसगढ़

# शराब दुकान खोलने का विरोध, कलेक्ट्रेट पहुंचीं महिलाएं

## बोलीं - बच्चों का भविष्य बर्बाद न करें



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहरी क्षेत्रों के बाद अब जबलपुर के ग्रामीण इलाकों में भी शराब दुकानों का विरोध शुरू हो गया है। गुरुवार को सिमरिया गांव की दर्जनों महिलाएं जिला पंचायत सदस्य के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचीं और गांव में प्रस्तावित शराब दुकान के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। महिलाओं का कहना है कि उनका गांव अब तक शांतिपूर्ण वातावरण के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन शराब दुकान खुलने से सामाजिक माहौल खराब होगा और युवाओं में नशे की लत बढ़ेगी। इससे महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा पर भी खतरा मंडराएगा।

**बिना सहमति के हो रहा दुकान का निर्माण**

जिला पंचायत सदस्य ने आरोप लगाया कि आबकारी विभाग ने ग्रामीणों की सहमति के बिना ही शराब दुकान का निर्माण शुरू करवा दिया है। उन्होंने कहा कि जब चरगवां गांव में सालों से शराब दुकान संचालित होती रही और कोई विरोध नहीं हुआ, तो फिर अचानक सिमरिया जैसे शांतिपूर्ण गांव में दुकान शिफ्ट करने की क्या जरूरत आन पड़ी?

**आबकारी नीति के उल्लंघन का आरोप**

ग्रामीणों ने दावा किया है कि शराब दुकान को शिफ्ट करते समय मध्य प्रदेश की वर्तमान आबकारी नीति का खुला उल्लंघन हुआ है। नीति के अनुसार किसी दुकान को दूसरी जगह स्थानांतरित करने के लिए तय परिक्षेत्र के भीतर होना चाहिए, जबकि सिमरिया गांव चरगवां से 12 किलोमीटर दूर है।

**जांच के आदेश**

ग्रामीणों की शिकायत पर सहायक आबकारी आयुक्त संजीव सिंह ने कहा कि उन्होंने संबंधित सर्किल अधिकारी को मौके पर जाकर रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अज्ञात के विरूद्ध धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

जबलपुर। थाना अधारताल में अनुराग विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी संजय नगर शंकर चौक अधारताल ने लिखित शिकायत की कि दिनॉक 25-3-25 से 1-4-2025 के बीच उसके पिता हरि प्रसाद विश्वकर्मा के बैंक ऑफ इंडिया नेपियर टाउन स्थित खाते से जुडे ऑन लाईन ट्रांजक्शन गूगल पे यूपीआई एकाउंट से 2 लाख 67 हजार 292 रूपये के लगभग 14 से 15 फ्राड ट्रांजेक्शन अलग अलग यूपीआई आईडी में हुये है।

# मारपीट में आई चोट के कारण हुई थी युवक की मौत

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहर के घमापुर थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई मारपीट की एक घटना ने मंगलवार देर रात एक युवक की जान ले ली। मृतक की पहचान बबलू गोटिया ;30 वर्ष के रूप में हुई है। मर्ग जांच में खुलासा हुआ कि बबलू की मौत मारपीट से आई गंभीर चोटों के चलते हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। 3 मई को बबलू गोटिया अपने साथी शुभम मरावी के साथ राममंदिर बस लेकर गया था। बस खड़ी कर दोनों पैदल घर लौट रहे थे तभी अंकित वंशकार साहिल वंशकार और निक्की उर्फ नीरज उर्फ बहादुर वंशकार ने पुरानी रंजिश के चलते गाली.गलौज और मारपीट शुरू कर दी। बबलू ने बीच.बचाव किया तो तीनों ने उस पर हमला कर दिया।

# स्ट्रीट लाइट के खंभे से टकराकर पलटी सेना की एंबुलेंस



**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** आज बुधवार सुबह कैंट क्षेत्र के पेंटीनाका-वायएमसीए मार्ग पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया, जब सेना की एंबुलेंस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और पलट गई। हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जबकि सौभाग्यवश उस वक्त सड़क पर अन्य कोई वाहन नहीं था, जिससे बड़ा नुकसान टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेना की एंबुलेंस एमएच अस्पताल की ओर तेज गति से जा रही थी। जैसे ही वह वायएमसीए चौराहे के पास पहुंची, वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर लगी स्ट्रीट लाइट के खंभे से टकरा गई और पलट गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि खंभा तक टेढ़ा हो गया। हादसे के तुरंत बाद सैन्य जवान मौके पर पहुंचे और स्थिति को संभालते हुए यातायात को सामान्य करने में जुट गए। फिलहाल आर्मी अस्पताल या सैन्य प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है।

# वेल्डर पर चाकू से हमला

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहर के हनुमानताल थाना क्षेत्र में एक वेल्डिंग कर्मचारी पर देर रात चाकू से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित सोयेब खान ;38 वर्ष निवासी छोटी मदार टेकरी ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।

पीड़ित के अनुसारए रात करीब 1 बजे वह अपने घर के पास खड़ा थाए तभी उबेश कुरैशी एक्सिस गाड़ी से वहां आया और अचानक उसे धक्का दे दिया। विरोध करने पर उबेश ने गालीगलौज कर चाकू से गाल पर हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर मौके से फ्रार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 296 118;2 ए 351;2 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# गांजा तस्करी में लिप्त महिला सहित चार आरोपी गिरफ्तार, 13 किलो 210 ग्राम गांजा जब्त

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** शहर में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच थाना माढोताल एवं थाना लार्डगंज पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में तीन आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों में एक युवती भी शामिल है।

आरोपियों के कब्जे से कुल 8 किलो 820 ग्राम गांजा और 41.500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

थाना प्रभारी माढोताल नीलेश दोहरे ने बताया कि क्राइम ब्रांच को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि एक युवती व एक पुरुष संदिग्ध अवस्था में गांजा लिए ग्रीन सिटी पुल के पास खड़े हैं। एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दबिश दी और दो संदिग्धों को घेराबंदी कर पकड़ा।



पूछताछ में युवती ने अपना नाम शायना खान ;21 वर्ष निवासी गोहलपुर तथा युवक ने अपना नाम देवेंद्र सोंधिया ;31 वर्ष निवासी मेडिकल कॉलेजए गढ़ा बताया। तलाशी के दौरान शायना के बैग से 2 पैकेट और देवेंद्र के ट्रॉली बैग से 3 पैकेट गांजा बरामद हुआए जिनका कुल वजन 7 किलो 590 ग्राम निकला। गांजे की बाजार में कीमत करीब 1 लाख 52 हजार रुपये बताई गई है। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8.20 के तहत केस दर्ज किया गया है।

**नारियल मंडी से हर्षित केशरवानी गिरफ्तार**

थाना प्रभारी लार्डगंज नवल सिंह आर्य के अनुसारए दूसरी कार्रवाई में सूचना के आधार पर हर्षित केशरवानी ;26 वर्ष निवासी नारियल मंडी को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस को देखकर आरोपी भागने की कोशिश कर रहा थाए जिसे पकड़कर उसके बैग से 1 किलो 230 ग्राम गांजा और नगद 41ए500 रुपये जब्त किए गए। आरोपी के पास से एक मोबाइल भी बरामद किया गया है। उसके खिलाफ भी धारा 8.20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

# भेड़ाघाट में भारी अतिक्रमण, एमपीटी की जमीन पर जल्द चलेगा बुलडोजर



जबलपुर। मध्य प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट में अतिक्रमण का बड़ा मामला सामने आया है। यहां एमपीटी (मध्य प्रदेश पर्यटन विकास निगम) की दो एकड़ जमीन पर लोगों ने अवैध रूप से पक्के मकान और दुकानें बना ली हैं। अब प्रशासन द्वारा इन अतिक्रमणों को हटाने की तैयारी की जा रही है, जिसके तहत जल्द ही बुलडोजर चलाया जाएगा।

प्रशासन और एमपीटी पिछले एक माह से इस कार्य के लिए सक्रिय हैं। आरआई रमेश साहू की टीम ने बाण कुंड, स्वर्गद्वारी और दीनदयाल पार्क क्षेत्र में 20 दिनों से जमीन की नापजोख की। सीमांकन में पाया गया कि एमपीटी की होटल और पर्यटन स्थल के लिए सुरक्षित जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया गया है, जिससे कई स्थानों पर रास्ते तक बंद हो गए हैं।

सबसे ज्यादा अतिक्रमण चौसठ योगिनी मंदिर और एमपीटी होटल की दीवार से लगी जमीन पर है, जहां पुरातत्व विभाग की रोक के बावजूद निर्माण कार्य हुआ है। दीपक दवे (ईई, एमपीटी, जबलपुर) के अनुसार, जल्द ही चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## मारपीट करने वाले आरोपियों की तलाश

जबलपुर। थाना तिलवारा में प्रकाश बसोर उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम तिलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आज तिलवारा घाट के पास बकरी चरा रहा था। लगभग 11 बजे बडे भाई ज्ञानचंद का फेन आया और बताया कि तुम्हारे लडके दुर्गेश बसौर से रमनगरा के आगे बाईपास रोड पर तीन लडको ने शराब पीने के लिये अवैध रूप से 200 रूपये मांगे थे, रूपये नही देने पर चाकू से मारा है ईलाज कराने पिण्डरई निवासी सोनू मेडिकल कालेज जबलपुर ले गया है। वह मेडिकल पहुंचा लडके दुर्गेश का ईलाज चल रहा था दुर्गेश ने बताया कि लगभग 10.15 बजे घर से मोटर साईकिल से कूलर की खस का काम करने रद्दी चौकी जा रहा था। रमनगरा एवं वाटरप्लांट के बीच बाईपास रोड पर लगभग 10.30 बजे एक मोटर साईकिल मे पीछे की ओर से तीन लडके आये।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 26 दिनांक 08.05.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री ओमप्रकाश सोनी, पिता- स्व. श्री खूबचंद सोनी** ने मकान नं. 1288 सम्पत्ति पिन नं. 1000494004 **वार्ड मदन महल वार्ड** , भूतल 876 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2025 / एम./ Q - 25 दिनांक 08.05.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **1. श्रीमती शशि बाई झारिया, पति- श्री कमलेश झारिया, 2. श्री कमलेश झारिया, पिता- श्री सुग्गी लाल झारिया** ने मकान नं. 487/1 सम्पत्ति पिन नं. 1000488553 **वार्ड वीर सावरकर वार्ड** , भूतल 600 व.फु., प्रथमतल 600 व.फु., **शपथपत्र, चुकतानामा,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-2 कछपुरा नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/ एम/728/ दिनांक 08.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री राममन काछी, पिता- स्व. श्री रामदुलारे काछी** ने मकान नं. 748 पिन नं.1000485107 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 775 व.फु., आर.सी.सी. 35 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, बेचानामा, आपसी बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 748 रामलीला मैदान के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.अधि/09/2025-26/ एम/727/ दिनांक 08.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती सावित्री कुशवाहा, पति- स्व. श्री केशरी प्रसाद कुशवाहा** ने मकान नं. 748 पिन नं.1000485107 **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड** , भूतल आर.सी.सी. 841 व.फु., **मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र, बेचानामा, सहमति शपथ पत्र, आपसी बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 748 रामलीला मैदान के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर**

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2025/ 25/एम/26 दिनांक 06.05.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री जागेश्वर प्रसाद सोनी, पिता- स्व. श्री राजाराम सोनी** ने मकान नं. 527/पी 209/1 नया 1079 **वार्ड जयप्रकाश नारायण वार्ड,** क्षेत्रफल 455 व.फु., भूतल 455 व.फु., प्रथमतल 455 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी संभाग-14 दमोहनाका नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999